असंवुड वि [**असंवृत**] असंयत, पाप-कर्म से अनिवृत्त ; (सूअ १, १, ३)।
असंसइय वि [**असंशयित**] अ-संदिग्ध; (सूअ २, २)।
असंसट्ठ वि [**असंसृष्ट**] १ दूसरे से नहीं मिला हुआ ; (बृह २)। २ लेप-रहित ; (ओप)। ३ स्त्री. पिण्डैषणा का एक भेद ; (पव ६६)।
असंसत्त वि [**असंसक्त**] १ अ-मिलित ; (उत २)। २ अनासक्त ; (दस ८ ; उत ३)।
असंसय वि [**असंशय**] १ संशय-रहित ; (बृह १)। २ क्रिवि. निःसंदेह, नक्की ; (अभि ११०)।
असंसार पुं [**असंसार**] संसार का अभाव, मोक्ष ; (जीव १)।
असंसि वि [**अस्रंसिन्**] अ-विनश्वर ; (कुमा)।
असक्क वि [**अशक्य**] जिसका न कर सके वह ; (सुपा ६५१)।
असक्क वि [**अशक्त**] असमर्थ ; (कुमा)।
असक्कय वि [**असंस्कृत**] संस्कार-रहित ; (पण्ह १, २)।
असक्कय वि [**असत्कृत**] सत्कार-रहित ; (पण्ह १, २)।
असक्कणिज्ज वि [**अशकनीय**] अशक्य ; (कुमा)।
असग्गाह, **असग्गह**, **असग्गाह** } पुं [**असद्ग्रह**] १ कदाग्रह ; (उप ६७२ ; सुपा १३४)। २ अति-निर्बन्ध, विशेष आग्रह ; (भवि)।

असच्च न [**असत्य**] १ झूठ वचन ; (प्रासू १५१)। २ वि. झूठा ; (पण्ह १, २)। °**मोस** न [°**मृष**] झूठ से मिला हुआ सत्य ; (द्र २२)। °**वाइ** वि [°**वादिन्**] झूठ बोलने वाला ; (सम ५० ; पउम ११, ३४)। °**ामोस** न [°**ामृष**] नहीं सत्य और नहीं झूठ ऐसा वचन ; (आचा)। °**ामोसा** स्त्री [°**ामृषा**] देखो अनन्तरोक्त अर्थ ; (पंच १)। °**संध** वि [°**संध**] १ असत्य- प्रतिज्ञ ; २ असत्य अभिप्राय वाला ; (महा ; पण्ह १, २)।
असज्ज, **असज्जमाण** } वकृ [**असजत्**] संग नहीं करता हुआ ; (आचा ; उत्त १४)।
असज्झाइय वि [**अस्वाध्यायिक**] पठन-पाठन का प्रतिबन्धक कारण ; (पव २६८)।
असड्ढ वि [**अश्रद्ध**] श्रद्धा-रहित ; (कुमा)।
असढ वि [**अशठ**] सरल, निष्कपट ; (सुपा ५५०)। °**करण** वि [°**करण**] निष्कपट भाव से अनुष्ठान करने वाला ; (बृह ६)।
असण न [**अशन**] १ भोजन, खाना ; (निचू ११)। २ जो खाया जाय वह, खाद्य पदार्थ ; (पव ४)।
असण पुं [**असन**] १ बीजक-नामक वृक्ष ; (पण्ण १ ; णाया १, १ ; ओप ; पाअ ; कुमा)। २ न. क्षेपण, फेंकना ; (विसे २७६५)।
असणि पुंस्त्री [**अशनि**] १ वज्र ; (पाअ)। २ आकाश से गिरता अग्नि-कण ; (पण्ण १)। ३ वज्र का अग्नि ; (जी ६)। ४ अग्नि ; (स ३३२)। ५ अस्त्र-विशेष ; (स ३८५)। °**प्पह** पुं [°**प्रभ**] रावण के मामा का नाम ; (से १२,६१)। °**मेह** पुं [°**मेघ**] १ वह वर्षा जिसमें ओले गिरते हैं ; २ अति भयंकर वर्षा, प्रलय-मेघ ; (भग ७, ६)। °**वेग** पुं [**वेग**] विद्याधरों का एक राजा ; (पउम ६, १५७)।
असणी स्त्री [**अशनी**] एक इन्द्राणी ; (ठा ४, १)।
असण्ण वि [**असंज्ञ**] संज्ञा-रहित, अचेतन ; (लहुअ ६)।
असण्णि वि [**असंज्ञिन्**] १ संज्ञि-भिन्न, मनो-ज्ञान से रहित (जीव) ; (ठा २, २)। २ सम्यग्दृष्टि-भिन्न, जैनेतर ; (भग १, २)। °**सुय** न [°**श्रुत**] जैनेतर शास्त्र ; (णंदि)।
असत्त वि [**अशक्त**] असमर्थ ; (सुर ३, २४४ ; १०, १७४)।

असत्त वि [**असक्त**] अनासक्त ; (आचा)।
असत्त न [**असत्त्व**] अभाव, असत्ता ; (णंदि)।
असत्ति स्त्री [**अशक्ति**] सामर्थ्य का अभाव। °**मंत** वि [°**मत्**] असमर्थ, अशक्त ; (पउम ६६, ३६)।
असत्थ वि [**अस्वस्थ**] अ-तंदुरस्त, बिमार ; (सुर ३, १२७)।
असत्थ न [**अशस्त्र**] १ शस्त्र-भिन्न। २ संयम, निर्दोष अनुष्ठान ; (आचा)।
असद्द पुं [**अशब्द**] १ अ-कीर्ति, अपयश ; (गच्छ २)। २ वि. शब्द-रहित ; (बृह ३)।
असद्ध वि [**अश्रद्ध**] श्रद्धा-रहित। स्त्री—°**द्धी** ; (उप पृ ३६४)।
असन्नि देखो **असण्णि** ; (भग ; जी ४३)।
असबल वि [**अशबल**] १ अमिश्रित ; २ निर्दोष, पवित्र ; (पगह २, १)।
असब्भ वि [**असभ्य**] अशिष्ट, जंगली ; (स ६५०)। °**भासि** वि [**भाषिन्**] असभ्य-भाषी ; (सुर ६, २१५)।
असब्भाव पुं [**असद्भाव**] १ यथार्थता का अभाव, झूठ ; (पिंड)। २ वि. असत्य, अ-यथार्थ ; (उत्त ३ ; औप)।
असब्भावि वि [**असद्भाविन्**] झूठा, असत्य ; (महा)।
असब्भूय वि [**असद्भूत**] असत्य ; (भग)।
असम वि [**असम**] १ अ-समान, अ-साधारण ; (सुर ३, २४)। २ एक, तीन, पांच आदि एकाई संख्या वाला, विषम। °**सर** पुं [°**शर**] कामदेव ; (गउड)।
असमवाइ न [**असमवायिन्**] नैयायिक और वैशेषिक मत प्रसिद्ध कारण-विशेष ; (विसे २०९६)।
असमंजस वि [**असमञ्जस**] १ अव्यवस्थित, गैरव्याजवी ; (आचा ; सुर २, १३१ ; सुपा ६२३ ; उप १०००)। २ क्रिवि. अव्यवस्थित रूप से ; (पाअ)।
असमिक्खिय वि [**असमीक्षित**] अनालोचित, अविचारित ; (पगह १, २)। °**कारि** वि [°**कारिन्**] साहसिक। °**कारिया** स्त्री [°**कारिता**] साहस कर्म ; (उप ७६८ टी)।
असरासय वि [**दे**] निर्दय, निष्ठुर हृदय वाला ; (दे १, ४०)।
असव पुं [**असु**] प्राण, "विउत्तासवो विअ ठिओ कंचि कालं" (स ३५७)।
असवण्ण वि [**असवर्ण**] असमान, असाधारण ; (सगण)।
असह वि [**असह**] १ असहिष्णु ; (कुमा ; सुपा ६२०)। २ असमर्थ ; (वव १)। ३ खेद करने वाला ; (पाअ)।
असहण वि [**असहन**] असहिष्णु, क्रोधी ; (पाअ)।
असहाय वि [**असहाय**] १ सहाय-रहित ; (भग)। २ एकाकी ; (बृह ४)।
असहिज्ज वि [**असाहाय्य**] १ सहायता-रहित। २ सहायता का अनिच्छुक ; (उवा)।
असहीण वि [**अस्वाधीन**] परतन्त्र, पराधीन ; (दस ८)।
असहु वि [**असह**] १ असहिष्णु ; (उव)। २ असमर्थ, अशक्त ; (ओघ ३६ भा)। ३ बिमार, ग्लान ; (निचू १)। ४ सुकुमार, कोमल ; (ठा ३, ३)।
असहेज्ज देखो **असहिज्ज** ; (भग)।
असागारिय वि [**असागारिक**] गृहस्थों के आवागमन से रहित स्थान ; (वव ३)।
असाढय न [**असाढक**] तृण-विशेष ; (पगण १—पत्र ३३)।
असाय न [**असात**] दुःख, पीड़ा ; (पगह १, १)।
"रागंधा इह जीवा, दुल्लहलोयम्मि गाढमणुरत्ता।
जं वेइंति असायं, कत्तो तं हुंदि नरएवि" (सुर. ८, ७६)।
°**वेयणिज्ज** न [°**वेदनीय**] दुःख का कारण-भूत कर्म ; (ठा २, ४)।
असार } वि [**असार**, °**क**] निस्सार सार-रहित ;
असारय } (महा ; कुमा)।
असारा स्त्री [**दे**] कदली-वृक्ष, केला का पेड़ ; (दे १, १२)।
असासय वि [**अशाश्वत**] अनित्य, विनश्वर ; (णाया १, १ ; गा २४७)।
असाहण न [**असाधन**] असिद्धि ; (सुर ४, २४८)।
असाहारण वि [**असाधारण**] अतुल्य, अनुपम; (भग ; दंस)।
असि पुं [**असि**] १ खड्ग, तलवार ; (पाअ)। २ इस नाम की नरकपाल देवों की एक जाति ; (भग ३, ६)। ३ स्त्री. बनारस की एक नदी का नाम; (ती ३८)। °**कुंड** न [°**कुण्ड**] मथुरा का एक तीर्थ-स्थान ; (ती ६)। °**घाय** पुं [°**घात**] तलवार का घाव ; पउम ५६, २५)। °**चम्मपाय** न [°**चर्मपात्र**] तलवार की म्यान, कोश ; (भग ३, ५)। °**धारा** स्त्री [°**धारा**]

तलवार की धार ; (उत्त १६) । °**धेणु,** °**धेणुआ** स्त्री [°**धेनु,** °**धेनुका**] छुरी ; (गउड ; पाअ) । °**पत्त** न [°**पत्र**] १ तलवार ; (विपा १, ६) । २ तलवार के जैसा तीक्ष्ण पत्र ; (भग ३, ६) । ३ तलवार की पतरी ; (जीव ३) । ४ पुं. नरकपाल देवों की एक जाति ; (सम २६) । °**पुत्तगा** स्त्री [°**पुत्रिका**] छुरी ; (उप पृ ३३४) । °**मुट्ठि** स्त्री [°**मुष्टि**] तलवार की मूठ ; (पाअ) । °**रयण** न [°**रत्न**] चक्रवर्ती राजा की एक उत्तम तलवार ; (ठा ७) । °**लट्ठि** स्त्री [°**यष्टि**] खड्ग-लता, तलवार ; (विपा १, ३) । °**वण** न [°**वन**] खड्गाकार पत्ती वाले वृक्षों का जंगल ; (पगह १, १) । °**वत्त** देखो °**पत्त** ; (से ३, ४२) । °**हर** वि [°**धर**] तलवार-धारक, योद्धा ; (से ६, १८) । °**हारा** देखो °**धारा** ; (उव) ।

असिइ (अप) देखो **असीइ** ; (सण) ।

असिण न [**अशन**] भोजन, खाना ; "अग्गपिंडं परिट्ठविज्जमाणं पेहाए, पुरा असिणाइ वा अवहाराइ वा" (आचा २, १, ५, १) ।

असिद्ध वि [**असिद्ध**] १ अ-निष्पन्न । २ तर्कशास्त्र-प्रसिद्ध दुष्ट हेतु ; (विसे २८२४) ।

असिय वि [**अशित**] भुक्त, खादित ; (पाअ ; सुपा २१२) ।

असिय वि [**असित**] १ कृष्ण, अ-श्वेत ; (पाअ) । २ अशुभ ; (विसे) । ३ अबद्ध, अ-यन्त्रित ; (सूअ १, २, १) । "सिया एगे अणुगच्छंति, असिया एगे अणुगच्छंति ; (आचा) । °**क्ख** पुं [°**ाक्ष**] यक्ष-विशेष ; (सण) ।

असिय न [**दे**] दात्र, दाँती ; (दे १, १४) ।

असियव्व देखो **अस**=अश् ।

असिलेसा स्त्री [**अश्लेषा**] नक्षत्र-विशेष ; (सम ११) ।

असिलोग पुं [**अश्लोक**] अकीर्ति, अजस ; (सम १२) ।

असिव न [**अशिव**] १ विनाश ; २ असुख ; ३ देवतादि कृत उपद्रव ; (ओघ ७) । ४ मारी रोग ; (वव ४) ।

असिविण पुं [**अस्वप्न**] देव, देवता ; (प्रामा) ।

असिव्व देखो **असिव** ; (वव ७ ; प्राप्र) ।

असिह वि [**अशिख**] शिखा-रहित ; (वव ४) ।

असीइ स्त्री [**अशीति**] संख्या-विशेष, अस्सी, ८० ; (सम ८८) । °**म** वि [°**तम**] अस्सीवाँ, ८० वाँ ; (पउम ८०, ७४) ।

असीम वि [**असीमन्**] निस्सीम ; "असीमंतभत्तिराएण" (उप ७२८ टी) ।

असील वि [**अशील**] १ दुःशील, असदाचारी ; (पगह १, २) । २ न. असदाचार, अ-ब्रह्मचर्य । °**मंत** वि [°**वत्**] १ अब्रह्मचारी ; (ओघ ७७७) । २ अ-संयत ; (सूअ १, ७) ।

असु पुं. व [**असु**] १ प्राण ; (स ३८३) । २ न. चित्त ; ३ ताप ; (प्राप्र ; वृष ५१) ।

असु देखो **अंसु** ; (प्राप्र) ।

असुइ वि [**अशुचि**] १ अपवित्र, अ-स्वच्छ, मलिन ; (औप ; वव ३) । २ न. अमेध्य, विष्ठा ; (ठा ६ ; प्रासू १६६) ।

असुइ वि [**अश्रुति**] शास्त्र-श्रवण-रहित ; (भग ७, ६) ।

असुईकय वि [**अशुचीकृत**] अपवित्र किया हुआ ; (उप ७२८ टी) ।

असुग पुं [**असुक**] देखो **असु**=असु ; (हे १, १७७) ।

असुज्झंत वि [**अ-दृश्यमान**] नहीं दिखाता हुआ, "अन्नंपि जं असुज्झंतं । भुंजंतएण रत्तिं" (पउम १०३, २५) ।

असुणि वि [**अश्रोतृ**] नहीं सुनने वाला, "अलियपयंपिरि अणिमित्तकोवणे असुणि सुणसु मह वयणं" (वज्जा ७२) ।

असुद्ध वि [**अशुद्ध**] १ अस्वच्छ, मलिन । २ न. मैला, अशुचि । °**विसोहय** पुं [°**विशोधक**] भंगी, मेहतर ; (सुर १६, १६५) ।

असुभ देखो **असुह**=अशुभ ; (सम ६७ ; भग) ।

असुय वि [**अश्रुत**] नहीं सुना हुआ ; (ठा ४, ४) । °**णिस्सिय** न [°**निश्रित**] शास्त्र-श्रवण के बिना ही होने वाली बुद्धि—ज्ञान ; (णंदि) । °**पुव्व** वि [°**पूर्व**] पहले कभी नहीं सुना हुआ ; (महा ; णाया १, १ ; पउम ६५, १४) ।

असुय वि [**असुत**] पुत्र-रहित ; (उत्त २) ।

असुर पुं [**असुर**] १ दैत्य, दानव ; (पाअ) । २ देवजाति-विशेष, भवनपति और व्यन्तर देवों की जाति ; (पगह १, ४) । ३ दास-स्थानीय देव ; (आउ ३६) । °**कुमार** पुं [°**कुमार**] भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति ; (ठा १, १ ; महा) । °**राय** पुं [°**राज**] असुरों का इन्द्र ; (पि ४००) । °**वंदि** पुं [°**वन्दिन्**] राक्षस ; (से ६, ५०) ।

असुरिंद पुं [**असुरेन्द्र**] असुरों का राजा, इन्द्र-विशेष ; (गाया १, ८ ; सुपा ७७) ।

असुह न [**अशुभ**] १ अ-मंगल, अनिष्ट ; (सुर ४, १६३) । २ पाप-कर्म ; (ठा ४, ४) । ३ वि. खराब, अ-सुन्दर ; (जीव १ ; कुमा) । °**णाम** न [°**नामन्**] अशुभ फल देने वाला कर्म-विशेष ; (सम ६७) ।

असुह न [**असुख**] दुःख ; (ठा ३, ३) ।

असूअ सक [**असूय्**] असूया करना । असूएहि ; (मै ७) ।

असूया स्त्री [**असूचा**] १ सूचना का अभाव । २ दूसरे के दोषों को न कह कर अपना ही दोष कहना; (निचू १०) ।

असूया स्त्री [**असूया**] असूया, असहिष्णुता ; (दंस) ।

असूरिय वि [**असूर्य**] १ सूर्य-रहित, अन्धकार-मय स्थान । २ पुं. नरक-स्थान ; (सूअ १, ५, १) ।

असेव्व देखो **असिव** ; (प्राप्र) ।

असेव्व वि [**असेव्य**] सेवा के अयोग्य ; (गउड) ।

असेस वि [**अशेष**] निःशेष, सर्व ; (प्राप) ।

असोग पुं [**अशोक**] १ सुप्रसिद्ध वृत्त-विशेष , (औप) । २ महाग्रह-विशेष ; (ठा २,३) । ३ हरा रंग ; (राय) । ४ भगवान् मल्लिनाथ का चैत्य-वृत्त ; (सम १५२) । ५ देव-विशेष ; (जीव ३) । ६ न. तीर्थ-विशेष ; (ती १०)। ७ यत्त-विशेष ; (विपा १, ३) । ८ वि. शोक-रहित । °**चंद** पुं [°**चन्द्र**] १ राजा श्रेणिक का पुत्र, राजा कोणिक; (आवम) । २ एक प्रसिद्ध जैनाचार्य ; (सार्ध ७७) । °**ललिय** पुं [°**ललित**] चतुर्थ बलदेव का पूर्व-जन्मीय नाम ; (सम १५३)। °**वण** न [°**वन**] अशोक वृत्तों वाला वन, (भग) । °**वणिया** स्त्री [°**वनिका**] अशोक वृत्त वाला बगीचा; (णाया १, १६) । °**सिरि** पुं [°**श्री**] इस नाम का एक प्रख्यात राजा, सम्राट् अशोक ; (विसे ८६२) ।

असोगा स्त्री [**अशोका**] १ इस नाम की एक इन्द्राणी ; (ठा ४, १) । २ भगवान् श्रीशीतलनाथ की शासन-देवी; (पव २७) । ३ एक नगरी का नाम ; (पउम २०, १८६) ।

असोभण वि [**अशोभन**] अ-सुन्दर, खराब ; (पउम ६६, १६) ।

असोय देखो **असोग** ; (भग ; महा ; रंभा) ।

असोय पुं [**अश्वयुक्**] आश्विन मास ; (सम २६) ।

असोय वि [**अशौच**] १ शौच-रहित ; (महा) । २ न. शौच का अभाव ; अशुचिता । °**वाइ** वि [°**वादिन्**] अशौच को ही मानने वाला ; (ओघ ३१८) ।

असोयणया स्त्री [**अशोचनता**] शोक का अभाव ; (पक्खि) ।

असोया देखो **असोगा** ; (ठा २, ३ ; संति ६) ।

असोल्लिय वि [**अपक्व**] कच्चा ; (उवा) ।

असोहि स्त्री [**अशोधि**] १ अशुद्धि ; २ विराधना ; (ओघ ७८८) । °**ठाण** न [°**स्थान**] १ पाप-कर्म ; २ अशुद्धि का स्थान ; ३ दुर्जन का संसर्ग ; ४ अनायतन ; (ओघ ७६३) ।

अस्स न [**आस्य**] मुख, मुँह ; (गा ६८६) ।

अस्स वि [**अस्व**] १ द्रव्य-रहित, निर्धन । २ पुं. निर्ग्रन्थ, साधु, मुनि ; (आचा) ।

अस्स पुं [**अश्व**] १ घोड़ा ; (उप ७६८ टी) । २ अश्विनी-नत्तत्र का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३) । ३ ऋषि-विशेष ; (जं ७) । °**कण्ण** पुं [°**कर्ण**] १ एक अन्तर्द्वीप ; २ इस अन्तर्द्वीप का निवासी ; (णंदि) °**कण्णी** स्त्री [°**कर्णी**] वनस्पति-विशेष ; (पण्ण १) । °**करण** न [°**करण**] जहां घोडा रखने में आता हो वह स्थान, अस्तबल; (आचा २, १०, १४) । °**ग्गीव** पुं [°**ग्रीव**] पहले प्रतिवासुदेव का नाम; (सम १५३) । °**तर** पुंस्त्री [°**तर**] खच्चड़ ; (पण्ण १) । °**मुह** पुं [°**मुख**] १-२ इस नाम का एक अन्तर्द्वीप और उसके निवासी ; (णंदि ; पण्ण १)। °**मेह** पुं [°**मेध**] यज्ञ-विशेष, जिसमें अश्व मारा जाता है ; (अणु) । °**सेण** पुं [°**सेन**] १ एक प्रसिद्ध राजा, भगवान् पार्श्वनाथ का पिता ; (पव ११) । २ एक महाग्रह का नाम ; (चंद २०) । °**ायर** पुं [°**ादर**] विद्याधर वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ५, ४२) ।

अस्संख वि [**असंख्य**] संख्या-रहित ; (उप १७) ।

अस्संगिअ वि [**दे**] आसक्त ; (षड्) ।

अस्संघयणि वि [**असंहननिन्**] संहनन-रहित ; किसी प्रकार के शारीरिक बन्ध से रहित ; (भग) ।

अस्संजम देखो **असंजम** ; (उव) ।

अस्संजय वि [**अस्वयत**] १ गुरु की आज्ञानुसार चलने वाला, अ-स्वच्छंदी ; (श्रा ३१) ।

अस्संजय देखो **असंजय** ; (उव)।

अस्संदम पुं [**अश्वन्दम**] अश्व-पालक ; (सुपा ६४५)।

अस्सच्च देखो **असच्च** ; " सुरिणो हवउ वयणमस्सच्चं " (उप १४६ टी)।

अस्सण्णि देखो **असण्णि** ; (विसे ५१६)।

अस्सत्थ पुं [**अश्वत्थ**] वृक्ष-विशेष, पीपल ; (नाट)।

अस्सत्थ वि [**अस्वस्थ**] अ-तंदुरस्त, बिमार ; (सुर ३, १५१ ; माल ६५)।

अस्सन्नि देखो **असण्णि** ; (सुर १४, ६६ ; कम्म ४, २ ; ३)।

अस्सम पुं [**आश्रम**] १ स्थान, जगह ; २ ऋषियों का स्थान ; (अभि ६६ ; स्वप्न २५)।

अस्समिअ वि [**अश्रमित**] श्रम-रहित; अनभ्यासी ; (भग)।

अस्सस अक [**आ+श्वस्**] आश्वासन लेना। हेकृ—**अस्ससिदुं** (शौ) ; (अभि १२०)।

अस्साइय वि [**आस्वादित**] जिसका आस्वादन किया गया हो वह ; (दे)।

अस्साएमाण देखो **अस्साय**=आस्वादय्।

अस्साद सक [**आ+सादय्**] प्राप्त करना। अस्सादेंति; अस्सादेस्सामो ; (भग १५)।

अस्साद सक [**आ+स्वादय्**] आस्वादन करना।

अस्सादिय वि [**आसादित**] प्राप्त किया हुआ ; (भग १५)।

अस्साय देखो **अस्साद**=आ+सादय्।

अस्साय देखो **अस्साद**=आ+स्वादय्। वकृ—**अस्साएमाण** ; (भग १२, १)। कृ—**अस्सायणिज्ज** ; (णाया १, १२)।

अस्साय देखो **असाय** ; (कम्म २, ७ ; भग)।

अस्सायण पुं [**आश्वायन**] १ अश्व ऋषि का संतान ; (जं ७)। २ अश्विनी नक्षत्र का गोत्र ; (इक)।

अस्साविं वि [**आस्राविन्**] झरता हुआ, टपकता हुआ, सच्छिद्र, " जहा अस्साविणिं नावं जाइअंधो दुरूहए " (सूअ १, १, २)।

अस्सास सक [**आ+श्वासय्**] आश्वासन देना ; दिलासा देना। अस्सासअदि (शौ); (पि ४६०)। अस्सासि; (उत्त २, ४० ; पि ४६१)।

अस्सि स्त्री [**अश्रि**] १ कोण, घर आदि का कोना ; (ठा ६)। २ तलवार आदि का अग्र-भाग—धार ; (उप पृ ६६)।

अस्सि पुं [**अश्विन्**] अश्विनी-नक्षत्र का अधिष्ठायक देव ; (ठा २, ३)।

अस्सिणी स्त्री [**अश्विनी**] इस नाम का एक नक्षत्र ; (सम ८)।

अस्सिय वि [**आश्रित**] आश्रय-प्राप्त ; " विरागमेगमस्सिओ " (वमु ; ठा ७ ; संथा १८)।

अस्सु (शौ) न [**अश्रु**] आंसू ; (अभि ५६ ; स्वप्न ८५)।

अस्सुंक वि [**अशुल्क**] जिसकी चुंगी माफ की गई हो वह ; (उप ५६७ टी)।

अस्सुद (शौ) देखो **असुय**=अश्रुत ; (अभि १६३)।

अस्सुय वि [**अस्मृत**] याद नहीं किया हुआ ; (भग)।

अस्सेसा देखो **असिलेसा** ; (सम १७; विसे ३४०८)।

अस्सोई स्त्री [**आश्वयुजी**] आश्विन मास की पूर्णिमा ; (चंद १०)।

अस्सोक्कंता स्त्री [**अश्वोत्क्रान्ता**] संगीत-शास्त्र प्रसिद्ध मध्यम ग्राम की पांचवीँ मूर्च्छना ; (ठा ७)।

अस्सोत्थ देखो **अस्सत्थ** ; (पि ७४; १५२; ३०६)।

अस्सोयव्व वि [**अश्रोतव्य**] सुनने के अयोग्य ; (सुर १४, २)।

अह अ [**अथ**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ अब, बाद; (स्वप्न ४३ ; दं ३१ ; कुमा)। २ अथवा, और ;
" छिज्जउ सीसं अह होउ बंधणं चयउ सव्वहा लच्छी।
पडिवन्नपालणे सुपुरिसाण जं होइ तं होउ ॥ " (प्रासू ३)।
३ मङ्गल ; (कुमा)। ४ प्रश्न ; ५ समुच्चय ; ६ प्रतिवचन, उत्तर ; (बृह १)। ७ विशेष ; (ठा ७)। ८ यथार्थता, वास्तविकता; (विसे १२७६)। ६ पूर्वपक्ष; (विसे १७८३)। १०-११ वाक्य की शोभा बढ़ाने के लिए और पाद-पूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है ; (सूअ १, ७ ; पंचा १६)।

अह न [**अहन्**] दिवस, दिन ; (श्रा १४ ; पाअ)।

अह अ [**अधस्**] नीचे ; (सुर २, ३८)। °**लोग** पुं [°**लोक**] पाताल-लोक; (सुपा ४०)। °**त्थ** वि [°**स्थ**] नीचे रहा हुआ ; निम्न-स्थित ; (पउम १०२, ६५)।

अह स [**अदस्**] यह, वह ; (पाअ)।

अह न [**दे**] दुःख ; (दे १, ६) ।
अह न [**अघ**] पाप ; (पाअ) ।
अह° देखो **अहा** ; (हे १, २४५ ; कुमा) । **°क्कम**, **°क्कमसो** अ [**°क्रम**] क्रम के अनुसार , अनुक्रम से ; (ओघ ५ भा ; स ६) । **°क्खाय**, **°खाय** न [**°ख्यात**] निर्दोष चारित्र, परिपूर्ण संयम ; (ठा ५, २ ; नव २६ ; कुमा) । **°क्खायसंजय** वि [**°ख्यातसंयत**] परिपूर्ण संयम वाला ; (भग २५, ७) । **°च्छंद** देखो **अहा-छंद** ; (स ६) । **°त्थ** वि [**°स्थ**] ठीक २ रहा हुआ, यथास्थित ; (ठा ५, ३) । **°त्थ** वि [**°र्थ**] वास्तविक ; (ठा ५, ३) । **°प्पहाण** अ [**°प्रधान**] प्रधान के हिसाब से ; (भग १५) ।
अहइं अ [**अथकिम्**] स्वीकार-सूचक अव्यय ; हाँ, अच्छा; (नाट ; प्रयौ ५) ।
अहंकार पुं [**अहंकार**] अभिमान, गर्व ; (सूअ १, ६ ; स्वप्न ८२) ।
अहंकारि वि [**अहंकारिन्**] अभिमानी, गर्विष्ठ; (गउड)।
अहंणिस न [**अहर्निश**] रात-दिन, सर्वदा ; (पिंग) ।
अहण वि [**अधन**] निर्धन, धन-रहित ; (विसे २८१२)।
अहण्णिस न [**अहर्निश**] रात-दिन, निरन्तर ; (नाट) ।
अहत्ता अ [**अधस्तात्**] नीचे ; (भग) ।
अहन्न वि [**अधन्य**] अप्रशस्य हतभाग्य ; (सुर २,३७)।
अहन्निस देखो **अहण्णिस** ; (सुपा ४६२) ।
अहम वि [**अधम**] अधम, नीच ; (कुमा) ।
अहमंति वि [**अहमन्तिन्**] अभिमानी, गर्विष्ठ ; (ठा १०)।
अहमहमिआ, **अहमहमिगया**, **अहमहमिगा** स्त्री [**अहमहमिका**] मैं इससे पहले हो जाऊं ऐसी चेष्टा, अत्युत्कराठा ; (गा ५८० ; सुपा ५४; १३२; १४८) ।
अहमिंद पुं [**अहमिन्द्र**] १ उत्तम-श्रेणीय पूर्ण स्वाधीन देव-जाति विशेष ; ग्रैवेयक और अनुत्तर विमान के निवासी देव; (इक) । २ अपने को इन्द्र समझने वाला, गर्विष्ठ, "संपइ पुण रायाणो नरिंद ! सव्वेवि अहमिंदा " (सुर १, १२६) ।
अहम्म देखो **अधम्म** ; (सूअ १, १, २ ; भग ; नव ६ ; सुर २, ४४ ; सुपा २५८ ; प्रासू १३६) ।
अहम्म वि [**अधर्म्य**] धर्म-च्युत , धर्म-रहित, गैरव्याजबी ; (सण) ।
अहम्माणि वि [**अहम्मानिन्**] अभिमानी; (आवम) ।
अहम्मि वि [**अधर्मिन्**] धर्म-रहित, पापी ; (सुपा १७२)।
अहम्मिट्ठ देखो **अधम्मिट्ठ** ; (भग १२, २ ; राय) ।
अहम्मिय वि [**अधार्मिक**] अधर्मी, पापी; (विपा १, १)।
अहय वि [**अहत**] १ अनुबद्ध, अव्यवच्छिन्न ; (ठा ८—पत्र ४१८) । २ अक्षत, अखण्डित ; (सूअ २, २) । ३ जो दूसरी तरफ लिया गया हो ; (चंद १६) । ४ नया, नूतन ; (भग ८, ६) ।
अहर वि [**दे**] अशक्त, असमर्थ ; (दे १, १७) ।
अहर पुं [**अधर**] १ होठ, ओष्ठ ; (णंदि) । २ वि. नीचे का, नीचला; (पण्ह १, ३) । ३ नीच, अधम; (पण्ह १, २) ४ दूसरा, अन्य ; (प्रामा) । **°गइ** स्त्री [**°गति**] अधोगति, दुर्गति, नीच गति ; " अहरगइं निंति कम्माइं " (पिंड) ।
अहरिय वि [**अधरित**] तिरस्कृत ; (सुपा ४७) ।
अहरी स्त्री [**अधरी**] पेषण-शिला, जिस पर मसाला वगैरः पीसा जाता है वह पत्थर; (उवा) । **°लोट्ठ** पुं [**°लोष्ट**] जिससे पीसा जाता है वह पत्थर ; लोढ़ा ; (उवा) ।
अहरीकय वि [**अधरीकृत**] तिरस्कृत, अवगणित ; (सुपा ४) ।
अहरीभूय वि [**अधरीभूत**] तिरस्कृत ;
" उयरेण धरंतीए, नररयणमिमं महप्पहं देवि ! ।
अहरीभूयमसेसं, जयंपि तुह रयणगब्भाए " (सुपा ३५)।
अहरुट्ठ पुंन [**अधरोष्ठ**] नीचे का होठ ; (पण्ह १, ३ ; हे १, ८४ ; षड्) ।
अहरेम देखो **अहिरेम** । अहरेमइ (हे ४, १६६) ।
अहरेमिअ वि [**पूरित**] पूरा किया हुआ ; (कुमा) ।
अहल वि [**अफल**] निष्फल, निरर्थक ; (प्रासू १३५ ; रंभा) ।
अहव देखो **अहवा** ; (हे १, ६७) ।
अहवइ (अप) देखो **अहवा** ; (कुमा) ।
अहवण, **अहवा** अ [**अथवा**] १ वाक्यालंकार में प्रयुक्त किया जाता अव्यय ; (अणु ; सूअ २, २) । २ या, अथवा ; (बृह १; निचू १ ; पंचा ३ ; हे १, ६७) ।
अहव्व देखो **अभव्व** ; (गा ३६०) ।
अहव्वण पुं [**अथर्वन्**] चौथा वेद-शास्त्र ; (औप) ।
अहव्वा स्त्री [**दे**] असती, कुलटा स्त्री ; (दे १, १८) ।
अहह अ [**अहह**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१

आमन्त्रण ; २ खेद ; ३ आश्चर्य ; ४ दुःख ; ५ आधिक्य, प्रकर्ष ; (हे २, २१७ ; श्रा १४ ; कप्पू ; गा ६५६)।
अहा° अ [**यथा**] जैसे, माफिक, अनुसार ; (हे १, २४५)। **°छंद** वि [**°च्छन्द**] १ स्वच्छन्दी, स्वैरी ; (उप ८३३ टी)। २ न. मरजी के अनुसार ; (वव २)। **°जाय** वि [**°जात**] १ नग्न, प्रावरण-रहित ; (हे १, १४५)। २ न. जन्म के अनुसार ; ३ जैन साधुओं में दीक्षा काल के परिमाण के अनुसार किया जाता वन्दन—नमस्कार ; (धर्म २)। **°णुपुव्वी** स्त्री [**°नुपूर्वी**] यथाक्रम, अनुक्रम; (णाया १, १ ; पउम १, ८)। **°तच्च** न [**°तत्त्व**] तत्त्व के अनुसार ; (भग २, १)। **°तच्च** न [**°तथ्य**] सत्य सत्य ; (सम १६)। **°पडिरूव** वि [**°प्रतिरूप**] १ उचित, योग्य ; (औप)। २ क्रिवि. यथायोग्य ; (विपा १, १)। **°पवत्त** वि [**प्रवृत्त**] १ पूर्व की तरह ही प्रवृत्त, अपरिवर्तित ; (णाया १, ५)। २ न. आत्मा का परिणाम-विशेष ; (स ४७)। **°पवित्तिकरण** न [**प्रवृत्तिकरण**] आत्मा का परिणाम-विशेष; (कम्म ५)। **°बायर** वि [**°बादर**] नस्सार, सार-रहित ; (णाया १, १)। **°भूय** व [**°भूत**] तात्त्विक, वास्तविक; (ठा १, १)। **°राइणिय, °रायणिय** न [**°रात्निक**] यथाज्येष्ठ, बडे के क्रम से ; (णाया १, १ ; आचा)। **°रिय** न [**ऋजु**] सरलता के अनुसार ; (आचा)। **°रिह** न [**°र्ह**] यथोचित ; (ठा २, १)। २ त्रि. उचित, योग्य ; (धर्म १)। **°रीय** न [**°रीत**] १ रीति के अनुसार ; २ स्वभाव के माफिक ; (भग ५, २)। **°लंद** पुं [**°लन्द**] काल का एक परिमाण, पानी से भींजा हुआ हाथ जितने समय में सूख जाय उतना समय ;(कप्प)। **°वगास** न [**°वकाश**] अवकाश के अनुसार ; (सूअ २, ३)। **°वच्च** वि [**°पत्य**] पुत्र-स्थानीय ; (भग ३, ७)। **°संथड** वि [**°संस्तृत**] शयन के योग्य ; (आचा)। **°संविभाग** पुं [**°संविभाग**] साधु को दान देना ; (उवा)। **°सच्च** न [**°सत्य**] वास्तविकता, सचाई ; (आचा)। **°सत्ति** न [**°शक्ति**] शक्ति के अनुसार ; (पंसू ४)। **°सुत्त** न [**°सूत्र**] आगम के अनुसार ; (सम ७७)। **°सुह** न [**°सुख**] इच्छानुसार ; (णाया १, १ ; भग)। **°सुहुम** वि [**°सूक्ष्म**] सारभूत ; (भग ३, १)। देखो **अह°** ।

अहासंखड वि [**दे**] निष्कम्प, निश्चल ; (निचू २)।
अहासल वि [**अहास्य**] हास्य-रहित ; (सुपा ६१०)।
अहाह अ [**अहाह**] देखो **अहह** ; (हे २, २१७)।
अहि देखो **अभि** ; (गउड ; पाअ ; पंचव ४)।
अहि अ [**अधि**] इन अर्थों का सूचक अव्यय;—१ आधिक्य, विशेषता ; जैसे—'अहिगंध, 'अहिमास'। २ अधिकार, सत्ता ; जैसे—'अहिगय '। ३ ऐश्वर्य ; जैसे—'अहिट्ठाण'। ४ ऊंचा, ऊपर ; जैसे—'अहिट्ठा'।
अहि पुं [**अहि**] १ सर्प, साँप ; (पराण १ ; प्रासू १६ ; ३६; १०५)। २ शेष नाग ; (पिंग)। **°च्छत्ता** स्त्री [**°च्छत्रा**] नगरी-विशेष ; (णाया १, १६ ; ती ७)। **°मड** पुंन [**°मृतक**] साँप का मुर्दा ; (णाया १, ६)। **°वइ** पुं [**°पति**] शेष नाग ; (अच्चु ६०)। **°विंछिअ** पुं [**°वृश्चिक**] सर्प के मूत्र से उत्पन्न होने वाली वृश्चिक जाति ; (कुमा)।
अहिअल न [**दे**] क्रोध, गुस्सा ; (दे १, ३६ ; षड्)।
अहिआअ न [**अभिजात**] कुलीनता ; खानदानी ; (गा ३८)।
अहिआइ स्त्री [**अभिजाति**] कुलीनता ; (षड्)।
अहिआर पुं [**दे**] लोक-यात्रा, जीवन-निर्वाह; (दे १, २६)।
अहिउत्त वि [**दे**] व्याप्त, खचित ; (गउड)।
अहिउत्त वि [**अभियुक्त**] १ विद्वान्, पण्डित। २ उद्यत, उद्योगी ; (पाअ)। ३ शत्रु से घिरा हुआ ; (वेणी १२३ टि)।
अहिऊर सक [**अभि+पूरय्**] पूर्ण करना, व्याप्त करना। कर्म—अहिऊरिज्जंति ; गउड)।
अहिऊल सक [**दह्**] जलाना, दहन करना। अहिऊलइ ; (हे ४, २०८ ; षड् ; कुमा)।
अहिओय पुं [**अभियोग**] १ संबन्ध ; (गउड)। २ दोषारोपण ; (स २२६)। देखो **अभिओअ** ; (भवि)।
अहिंद पुं [**अहीन्द्र**] १ सर्पों का राजा, शेष नाग ; (अच्चु १)। २ श्रेष्ठ सर्प ; (कुमा)। **°उर** न [**°पुर**] वासुकि-नगर। **°उरणाह** पुं [**°पुरनाथ**] विष्णु, अच्युत ; (अच्चु २६)।
अहिंसग वि [**अहिंसक**] हिंसा नहीं करने वाला ; (ओघ ७४७)।
अहिंसण न [**अहिंसन**] अहिंसा ; (धर्म १)।
अहिंसय देखो **अहिंसग** ; (पण्ह २, १)

अहिंसा स्त्री [**अहिंसा**] दूसरे को किसी प्रकार से दुःख नहीं देना ; (निचू २ ; धर्म ३ ; सूअ १, ११)।
अहिंसिय वि [**अहिंसित**] अ-मारित, अ-पीड़ित , (सूअ १, १, ४)।
अहिकंख देखो **अभिकंख**। वकृ—**अहिकंखंत** ; (पंचव ४)।
अहिकंखिर वि [**अभिकांक्षिन्**] अभिलाषी, इच्छुक ; (सण)।
अहिकय वि [**अधिकृत**] जिसका अधिकार चलता हो वह, प्रस्तुत ; (विसे १५८)।
अहिकरण देखो **अहिगरण** ; (निचू ४)।
अहिकरणी देखो **अहिगरणी** ; (ठा ८)।
अहिकारि देखो **अहिगारि** ; (रंभा)।
अहिकिच्च अ [**अधिकृत्य**] अधिकार कर ; उद्देश कर ; (आचृ १)।
अहिक्खण न [**दे**] उपालंभ, उलहना ; (दे १, ३५)।
अहिक्खित्त वि [**अधिक्षिप्त**] १ तिरस्कृत ; २ निन्दित ; ३ स्थापित ; ४ परित्यक्त ; ५ क्षिप्त ; (नाट)।
अहिक्खिव सक [**अधि+क्षिप्**] १ तिरस्कार करना। २ फेंकना। ३ निन्दना। ४ स्थापित करना। ५ छोड़ देना। अहिक्खिवइ ; (उव)। अहिक्खिवाहि ; (स ३२६)। वकृ—**अहिक्खिवंत** ; (पउम ६५, ४४)।
अहिक्खेव पुं [**अधिक्षेप**] १ तिरस्कार ; २ स्थापन; ३ प्रेरणा ; (नाट)।
अहिखिव देखो **अहिक्खिव**। वकृ—**अहिखिवंत** ; (स ५७)।
अहिग देखो **अहिय**=अधिक ; (विसे १६४३ टी)।
अहिखीर सक [**दे**] १ पकड़ना। २ आघात करना। अहिखीरइ ; (भवि)।
अहिगंध वि [**अधिगन्ध**] अधिक गन्ध वाला ; (गउड)।
अहिगम सक [**अधि+गम्**] १ जानना। २ निर्णय करना। ३ प्राप्त करना। कृ—**अहिगम्म** ; (सम्म १६७)।
अहिगम सक [**अभि+गम्**] १ सामने जाना। २ आदर करना। कृ—**अहिगम्म** ; (सण)।
अहिगम पुं [**अधिगम**] १ ज्ञान ; (विसे ६०८)। "जीवाईणमहिगमो मिच्छत्तस्स खओवसमभावे" (धर्म २)। २ उपलम्भ , प्राप्ति ; (दे ७, १४)। ३ गुरु आदि का उपदेश; (विसे २६७५)। ४ सेवा, भक्ति; (सम ५१)। ५ न. गुर्वादि के उपदेश से होने वाली सद्धर्म-प्राप्ति—सम्यक्त्व; (सुपा ६४८)। °**रुइ** स्त्री [°**रुचि**] १ सम्यक्त्व का एक भेद। २ सम्यक्त्व वाला ; (पव १४५)।
अहिगम देखो **अभिगम** ; (औप ; से ८,३३; गउड)।
अहिगमण न [**अधिगमन**] १ ज्ञान ; २ निर्णय ; ३ प्राप्ति, उपलम्भ ; (विसे)।
अहिगमय वि [**अधिगमक**] जनाने वाला, बतलाने वाला ; (विसे ५०३)।
अहिगमिय वि [**अधिगत**] १ ज्ञात ; २ निश्चित; (सुर १, १८१)।
अहिगम्म देखो **अहिगम**=अधि+गम्।
अहिगम्म देखो **अहिगम**=अभि+गम्।
अहिगय वि [**अधिकृत**] १ प्रस्तुत, (रयण ३६)। २ न. प्रस्ताव, प्रसंग ; (राज)।
अहिगय वि [**अधिगत**] १ उपलब्ध, प्राप्त ; (उत्त १०)। २ ज्ञात ; (दे ६, १४८)। ३ पुं. गीतार्थ मुनि, शास्त्राभिज्ञ साधु ; (वव १)।
अहिगर पुं [**दे**] अजगर ; (जीव १)।
अहिगरण पुंन [**अधिकरण**] १ युद्ध, लड़ाई ; (उप पृ २६८)। २ असंयम, पाप-कर्म से अनिवृत्ति ; (उप ८७२)। ३ आत्म-भिन्न बाह्य वस्तु ; (ठा २, १)। ४ पाप-जनक क्रिया ; (गाया १, ५)। ५ आधार ; (विसे ८४)। ६ भेंट, उपहार ; (बृह १)। ७ कलह, विवाद ; (बृह १)। ८ हिंसा का उपकरण ; "मोहंधेण य रइयं हलउक्खलमुसलपमुहमहिगरणं" (विवे ६१)। °**कड़**, °**कर** वि [°**कर**] कलह-कारक ; (सूअ १, २, २ ; आचा)। °**किरिया** स्त्री [°**क्रिया**] पाप-जनक कृति, दुर्गति में ले जाने वाली क्रिया ; (पगह १, २)। °**सिद्धंत** पुं [°**सिद्धान्त**] आनुषंगिक सिद्धि करने वाला सिद्धान्त ; (सूअ १, १२)।
अहिगरणी स्त्री [**अधिकरणी**] लोहार का एक उपकरण ; (भग १६, १)। °**खोडि** स्त्री [°**खोटि**] जिस पर अधिकरणी रखी जाती है वह काष्ठ ; (भग १६, १)।
अहिगरणिया, **अहिगरणीया** स्त्री [**आधिकरणिकी**] देखो **अहिगरण-किरिया** ; (सम १० ; ठा २, १ ; नव १७)।
अहिगरी स्त्री [**दे**] अजगरिन, स्त्री अजगर ; (जीव २)।

अहिगार पुं [**अधिकार**] १ वैभव, संपत्ति; " नियअहिगारणुरूवं जम्मणमहिमं विहिस्सामो " (सुपा ४१)। २ हक्क, सत्ता ; (सुपा ३५०)। ३ प्रस्ताव, प्रसंग ; (विसे ४८७)। ४ ग्रन्थ-विभाग ; (वसु)। ५ योग्यता, पात्रता ; (प्रासू १३५)।

अहिगारि } वि [**अधिकारिन्**] १ अमलदार, राज-नियुक्त सत्ताधीश ; " ता तप्पुराहिगारी समागओ तत्थ तम्मि खणे " (सुपा ३५० ; श्रा २७)। २ पात्र, योग्य ; (प्रासू १३५ ; सण)।
अहिगारिय }

अहिगिच्च अ [**अधिकृत्य**] अधिकार करके; (उवर ३६; ६६)।

अहिघाय पुं [**अभिघात**] आस्फालन, आघात ; (गउड)।

अहिजाय वि [**अभिजात**] कुलीन ; (भग ६, ३३)।

अहिजाइ स्त्री [**अभिजाति**] कुलीनता ; (प्राप्र)।

अहिजाण सक [**अभि + ज्ञा**] पीछानना। भवि—अहिजाणिस्सदि (शौ) ; (पि ५३४)।

अहिजुंज देखो **अभिजुंज**। संकृ—**अहिजुंजिय**; (भग)।

अहिजुत्त देखो **अभिजुत्त**; (प्रबो ८४)।

अहिज्ज सक [**अधि+इ**] पढ़ना, अभ्यास करना। अहिज्जइ ; (अंत २)। वकृ—**अहिज्जंत, अहिज्जमाण** ; (उप १६६ टी; उवा)। संकृ—**अहिज्जित्ता, अहित्ता** ; (उत्त १ ; सूअ १, १२) हेकृ—**अहिज्जिउं** ; (दस ४)।

अहिज्ज वि [**अधिज्य**] धनुष की डोरी पर चढ़ाया हुआ (बाण) ; (७, ६२)।

अहिज्ज } वि [**अभिज्ञ**] जानकार, निपुण ; (पि २६६ ; प्रारू ; दस)।
अहिज्जग }

अहिज्जण न [**अध्ययन**] पठन, अभ्यास; (विसे ७ टी)।

अहिज्जाविय वि [**अध्यापित**] पाठित, पढ़ाया हुआ ; (उप पृ ३३)।

अहिज्जिय वि [**अधीत**] पठित, अभ्यस्त ; (सुर ८, १२१ ; उप ५३० टी)।

अहिज्झिय वि [**अभिध्यित**] लोभ-रहित, अ-लुब्ध ; (भग ६, ३)।

अहिट्ठग वि [**अधिष्ठक**] अधिष्ठाता, विधायक, कारक ; " नासंदीपलिअंकेसु, न निसिज्जा न पीढए।
निग्गंथापडिलेहाए, बुद्धवुत्तमहिट्ठगा " (दस ६, ५५)।

अहिट्ठा सक [**अधि+स्था**] १ ऊपर चलना। २ आश्रय लेना। ३ रहना, निवास करना। ४ शासन करना। ५ करना। ६ हराना। ७ आक्रमण करना। ८ ऊपर चढ़ बैठना। ६ वश करना। अहिट्ठेइ ; (निचू ५)। " ता अहिट्ठेहि इमं रज्जं " (स २०४)। अहिट्ठेज्जा ; (पि २५२; ४६६)। वकृ—**अहिट्ठंत** ; (निचू ५)। कवकृ—**अहिट्ठिज्जमाण**; (ठा ४, १)। संकृ—**अहिट्ठेइत्ता**; (निचू १२)। हेकृ—**अहिट्ठित्तए**; (बृह ३)।

अहिट्ठाण न [**अधिष्ठान**] १ बैठना ; (निचू ५)। २ आश्रयण ; (सूअ १, २, ३)। ३ मालिक बनना ; (आचा)। ४ स्थान, आश्रय ; (स ४६६)।

अहिट्ठावण न [**अधिष्ठापन**] ऊपर रखना ; (निचू ५)।

अहिट्ठिय वि [**अधिष्ठित**] १ अध्यासित ; (णाया १, १४)। २ आधीन किया हुआ ; (णाया १, १४)। ३ आक्रान्त, आविष्ट ; (ठा ५, २)।

अहिडुय वि [**दे. अभिद्रुत**] पीडित, " अहिडुयं पीडिअं पयट्टं च " (पाअ)।

अहिणंद देखो **अभिणंद**। वकृ—**अहिणंदमाण** ; (पउम ११, १२०) कवकृ—**अहिणंदिज्जमाण, अहिणंदीअमाण** ; (नाट ; पि ५६३)।

अहिणंदण देखो **अभिणंदण** ; (पउम २०, ३० ; भवि)।

अहिणंदिय देखो **अभिणंदिय** ; (पउम ८, १२३ ; स १४)।

अहिणय देखो **अभिणय** ; (कप्पू ; सण)।

अहिणव पुं [**अभिनव**] १ सेतुबन्ध काव्य का कर्ता राजा प्रवरसेन; (से १, ६)। २ नूतन, नया ; (णाया १, १ ; सुपा ३३०)।

अहिणवेमाण देखो **अहिणी**।

अहिणवेमाण देखो **अहिणु**।

अहिणाण देखो **अहिण्णाण** ; (भवि)।

अहिणिबोह पुं [**अभिनिबोध**] ज्ञान-विशेष, मतिज्ञान ; (पण्ण २६)।

अहिणिवस सक [**अभिनि+वस्**] वसना, रहना। वकृ—**अहिणिवसमाण** ; (मुद्रा २३१)।

अहिणिविट्ठ वि [**अभिनिविष्ट**] आग्रह-ग्रस्त ; (स २७३)।

अहिणिवेस पुं [**अभिनिवेश**] आग्रह, हठ ; (स ६२३ ; अभि ६५)।

अहिणिवेसि वि [**अभिनिवेशिन्**] आग्रही; (पि ४०५)।
अहिणी देखो **अभिणी**। वकृ—**अहिणवेमाण** ; (सुर ३, १५०)।
अहिणील वि [**अभिनील**] हरा, हरा रंग वाला; (गउड)।
अहिणु सक [**अभि+नु**] स्तुति करना, प्रशंसना। वकृ—**अहिणवेमाण** ; (सुर ३, ७७)।
अहिण्ण वि [**अभिन्न**] भेद-रहित, अ-पृथग्भूत ; (गा २६५; ३८०)।
अहिण्णाण न [**अभिज्ञान**] चिन्ह, निशानी ; (अभि १३)।
अहिण्णु वि [**अभिज्ञ**] निपुण, ज्ञाता ; (हे १, ५६)।
अहितत्त वि [**अभितप्त**] तापित, संतापित ; (उत्त २)।
अहित्ता देखो **अहिज्ज** = अधि+इ।
अहिदायग वि [**अभिदायक**] देने वाला, दाता ; (सुपा ५४)।
अहिदेवया स्त्री [**अधिदेवता**] अधिष्ठाता देव ; (सुपा ६०; कप्पू)।
अहिद्दव सक [**अभि+द्रु**] हैरान करना। अहिद्दवंति ; (स ३६३)। भवि—अहिद्दविस्सइ ; (स ३६६)।
अहिद्दुय वि [**अभिद्रुत**] हैरान किया हुआ ; (स ५१४)।
अहिधाव सक [**अभि+धाव्**] दौड़ना, सामने दौड कर जाना। वकृ—**अहिधावंत** ; (से १३, २६)।
अहिनाण, **अहिन्नाण** } देखो **अहिण्णाण**; (श्रा १६ ; सुपा २५०)।
अहिनिवेस देखो **अहिणिवेस** ; (स १२५)।
अहिपच्चुअ सक [**ग्रह्**] ग्रहण करना। अहिपच्चुअइ ; (हे ४, २०६ ; षड्)। **अहिपच्चुअंति** ; (कुमा)।
अहिपच्चुअ सक [**आ+गम्**] आना। अहिपच्चुअइ ; (हे ४, १६३)।
अहिपच्चुइअ वि [**आगत**] आयात ; (कुमा)।
अहिपच्चुइअ न [**दे**] अनुगमन, अनुसरण; (दे १, ४६)।
अहिप्पाय देखो **अभिप्पाय** ; (महा ; कप्पू)।
अहिप्पेय देखो **अभिप्पेय** ; (उप १०३१ टी; स ३४)।
अहिभव देखो **अभिभव** ; (गउड)।
अहिमंजु पुं [**अभिमन्यु**] अर्जुन के एक पुत्र का नाम ; (कुमा)।

अहिमंतण वि [**अभिमन्त्रण**] मन्त्रित करना, मन्त्र से संस्कारना ; (भवि)।
अहिमंतिअ वि [**अभिमन्त्रित**] मन्त्र से संस्कृत ; (महा)।
अहिमज्जु, **अहिमण्णु**, **अहिमन्नु** } देखो **अहिमंजु** (कुमा ; षड्)।
अहिमय वि [**अभिमत**] संमत, इष्ट ; (स २००)।
अहिमयर पुं [**अहिमकर**] सूर्य, रवि ; (पाअ)।
अहिमर पुं [**अभिमर**] धनादि के लोभ से दूसरे को मारने का साहस करने वाला ; (सुर १, ६८)। २ गजादि-घातक ; (विसे १७६४)।
अहिमाण पुं [**अभिमान**] गर्व, अहंकार ; (प्रासू १७ ; सण)।
अहिमाणि वि [**अभिमानिन्**] अभिमानी, गर्विष्ठ ; (स ४३१)।
अहिमास, **अहिमासग** } पुं [**अधिमास, °क**] अधिक मास ; (आव १ ; निचू २०)।
अहिमुह वि [**अभिमुख**] संमुख, सामने रहा हुआ ; (से १, ४४ ; पउम ८, १६७ ; गउड)।
अहिमुहिहूअ, **अहिमुहीहूअ** } वि [**अभिमुखीभूत**] सामने आया हुआ ; (पउम १२, १०५ ; ४५, ६)।
अहिय वि [**अधिक**] १ ज्यादः, विशेष ; (औप ; जी २७ ; स्वप्न ४०)। २ क्रिवि. बहुत, अत्यन्त; (महा)।
अहिय वि [**अहित**] अहितकर, शत्रु, दुश्मन ; (महा ; सुपा ६६)।
अहिय वि [**अधीत**] पठित, अभ्यस्त ; "अहियसुओ पडिवज्जिय एगल्लविहारपडिमं सो" (सुर ४, १५४)।
अहिया स्त्री [**अधिका**] भगवान् श्रीनमिनाथ की प्रथम शिष्या ; (सम १५२)।
अहियाय देखो **अहिजाय** ; (पाअ)।
अहियाइ देखो **अहिजाइ** ; (षड्)।
अहियार पुं [**अभिचार**] शत्रु के वध के लिए किया जाता मन्त्रादि-प्रयोग ; (गउड)।
अहियार देखो **अहिगार** ; (स ५४३ ; पाअ; मुद्रा २६६; सट्टि ७ टी; भवि; दे ७, ३२)।
अहियारि देखो **अहिगारि** ; (दे ६, १०८)।

अहियास सक [**अधि+आस्, अधि+सह्**] सहन करना, कष्टों को शान्ति से झेलना। अहियासइ, अहियासए, अहियासेइ ; (उव; महा)। कर्म—अहियासिज्जंति; (भग)। वकृ— **अहियासेमाण** ; (आचा)। संकृ—**अहियासित्ता, अहियासेत्तु** ; (सूअ १, ३, ४ ; आचा) हेकृ—**अहियासित्तए** ; (आचा)। कृ—**अहियासियव्व** ; (उप ५४३)।

अहियास वि [**अध्यास, अधिसह**] सहिष्णु; (बृह १)।

अहियासण न [**अध्यासन, अधिसहन**] सहन करना ; (उप ५३६ ; स १६२)।

अहियासण न [**अधिकाशन**] अधिक भोजन, अजीर्ण ; (ठा ६)।

अहियासिय वि [**अध्यासित, अधिषोढ**] सहन किया हुआ ; (आचा)।

अहिर पुं [**अभीर**] अहीर, गोवाला ; (गा ८११)।

अहिरम अक [**अभि + रम्**] क्रीड़ा करना, संभोग करना। अहिरमदि (शौ); (नाट)। हेकृ—**अभिरमिदुं** (शौ); (नाट)।

अहिरम्म वि [**अभिरम्य**] सुन्दर, मनोहर ; (भवि)।

अहिराम वि [**अभिराम**] सुन्दर, मनोरम ; (पाअ)।

अहिरामिण वि [**अभिरामिन्**] आनन्द देने वाला ; (सण)।

अहिराय पुं [**अधिराज**] १ राजा ; (बृह ३)। २ स्वामी, पति ; (सण)।

अहिराय न [**अधिराज्य**] राज्य, प्रभुत्व ; (सट्टि ७)।

अहिरीअ वि [**अह्रीक**] निर्लज्ज, बेशरम ; (हे २, १०४)।

अहिरीअ वि [**दे**] निस्तेज, फीका ; (दे १, २७)।

अहिरीमाण वि [**दे, अह्रग्नि, अह्रीमनस्**] १ अमनोहर, मनको प्रतिकूल ; २ अलज्जाकारक ; "एगयरे अन्नयरे अभिन्नाय तितिक्खमाणे परिव्वए, जे य हिरी, जे य अहिरीमाणा" (आचा १, ६, २)।

अहिरूव वि [**अभिरूप**] १ सुन्दर, मनोहर; (अभि २११)। २ अनुरूप, योग्य ; (विक ३८)।

अहिरेम सक [**पू**] पूरा करना, पूर्ति करना। अहिरेमइ ; (हे ४, १६९)।

अहिरोइअ वि [**दे**] पूर्ण ; (षड्)।

अहिरोहण न [**अधिरोहण**] ऊपर चढ़ना, आरोहण ; (मा ४०)।

अहिरोहि वि [**अधिरोहिन्**] ऊपर चढ़ने वाला ; (अभि १७०)।

अहिरोहिणी स्त्री [**अधिरोहिणी**] निःश्रेणी, सीढ़ी ; (दे ८, २६)।

अहिल वि [**अखिल**] सकल, सब ; (गउड ; रंभा)।

अहिलंख, अहिलंघ, अहिलक्ख सक [**काङ्क्ष**] चाहना, अभिलाष करना। अहिलंखइ, अहिलंघइ ; (हे ४, १९२)। "अहिलक्खंति मुअंति अ रइवावारं विलासिणीहिअआइं" (से १०, ५७)।

अहिलक्ख वि [**अभिलक्ष्य**] अनुमान से जानने योग्य ; (गउड)।

अहिलव सक [**अभि+लप्**] संभाषण करना, कहना। कवकृ—**अहिलप्पमाण** ; (स ८४)।

अहिलस सक [**अभि + लष्**] अभिलाष करना, चाहना। अहिलसइ ; (महा)। वकृ—**अहिलसंत** , (नाट)।

अहिलसिय वि [**अभिलषित**] वाञ्छित ; (सुर ४, २४८)।

अहिलसिर वि [**अभिलाषिन्**] अभिलाषी ; इच्छुक ; (दे ६, ५८)।

अहिलाण न [**अभिलान**] मुख का बन्धन विशेष ; (गाया १, १७)।

अहिलाव पुं [**अभिलाप**] शब्द, अवाज ; (ठा २, ३)।

अहिलास पुं [**अभिलाष**] इच्छा, वाञ्छा, चाह ; (गउड)।

अहिलासि वि [**अभिलाषिन्**] चाहने वाला ; (नाट)।

अहिलिअ न [**दे**] १ पराभव ; २ क्रोध, गुस्सा ; (दे १, ५७)।

अहिलिह सक [**अभि+लिख्**] १ चिन्ता करना। २ लिखना। अहिलिहंति ; (मुद्रा १०८)। संकृ—**अहिलिहिअ** ; (वेणी २५)।

अहिलोयण न [**अभिलोकन**] ऊंचा स्थान ; (पण्ह २, ४)।

अहिलोल वि [**अभिलोल**] चपल, चञ्चल ; (गउड)।

अहिलोहिआ स्त्री [**अभिलोभिका**] लोलुपता, तृष्णा ; (से ३, ४७)।

अहिल्ल वि [**दे**] धनवान्, धनी ; (दे १, १०)।

अहिल्लिया स्त्री [**अहिल्या**] एक सती स्त्री ; (पण्ह १, ४)।

अहिव वि [**अधिप**] १ ऊपरी, मुखिया ; (उप ७२८ टी)। २ मालिक, स्वामी ; (गउड)। ३ राजा, भूप ; "दुट्ठाहिवा दंडपरा हवंति" (गाय ८)।
अहिवइ वि [**अधिपति**] ऊपर देखो ; (गाया १, ८ ; गउड ; सुर ६, ६२)।
अहिवंजु देखो **अहिमंजु** ; (षड्)।
अहिवंदिय वि [**अभिवन्दित**] नमस्कृत ; (स ६४१)।
अहिवज्जु देखो **अहिमंजु** ; (षड्)।
अहिवड सक [**अधि + पत्**] आना। वकृ—**अहिवडंत** ; (राज)।
अहिवड्ढ देखो **अभिवड्ढ**। अहिवड्ढामो ; (कप्प)।
अहिवड्ढिय वि [**अभिवर्धित**] बढ़ाया हुआ ; (स २४७)।
अहिवण्ण वि [**दे**] पीला और लाल रंग वाला ; (दे १, ३३)।
अहिवण्णु } **अहिवन्नु** } देखो **अहिमंजु** ; (षड् ; कुमा)।
अहिवस सक [**अधि+वस्**] निवास करना, रहना। वकृ—**अहिवसंत**; (स २०८)।
अहिवाइय वि [**अभिवादित**] अभिनन्दित ; (स ३१४)।
अहिवायण देखो **अभिवायण** ; (भवि)।
अहिवाल वि [**अधिपाल**] पालक, रक्षक ; (भवि)।
अहिवास पुं [**अधिवास**] वासना, संस्कार ; (दे ७, ८७)।
अहिवासण न [**अधिवासन**] संस्काराधान ; (पंचा ८)।
अहिविण्णा स्त्री [**दे**] कृत-सापत्न्या स्त्री, उपपत्नी ; (दे १, २५)।
अहिसंका स्त्री [**अभिशङ्का**] भ्रम, संदेह ; (पउम ४२, २१)।
अहिसंजमण न [**अभिसंयमन**] नियन्त्रण ; (गउड)।
अहिसंधि पुंस्त्री [**अभिसंधि**] अभिप्राय, आशय ; (पराह १, ३ ; स ४६३)।
अहिसंधि पुं [**दे**] वारंवार ; (दे १, ३२)
अहिसर सक [**अभि+सृ**] १ प्रवेश करना। २ अपने दयित—प्रिय के पास जाना। प्रयो,—कर्म—अभिसारीअदि (शौ); (नाट)। हेकृ—**अभिसारिदुं** (शौ); (नाट)।

अहिसरण न [**अभिसरण**] प्रिय के समीप गमन ; (स ५३३)।
अहिसरिअ वि [**अभिसृत**] १ प्रिय के समीप गत ; २ प्रविष्ट ; (आवम)।
अहिसहण न [**अधिसहन**] सहन करना ; (टा ६)।
अहिसाम वि [**अभिशाम**] काला, कृष्ण वर्ण वाला ; (गउड)।
अहिसाय वि [**दे**] पूर्ण, पूरा ; (दे १, २०)।
अहिसारण न [**अभिसारण**] १ आनयन ; (से १०, ६२)। २ पति के लिए संकेत स्थान पर जाना ; (गउड)।
अहिसारिअ वि [**अभिसारित**] आनीत ; (से १, १३)।
अहिसारिआ स्त्री [**अभिसारिका**] नायक को मिलने के लिए संकेत स्थान पर जाने वाली स्त्री ; (कुमा)।
अहिसिअ न [**दे**] १ अनिष्ट ग्रह की आशंका से खेद करना—रोना ; (दे १, ३०)। २ वि. अनिष्ट ग्रह से भय-भीत ; (षड्)।
अहिसिंच देखो **अभिसिंच**। अहिसिंचइ ; (महा)। संकृ—**अहिसिंचिऊण** ; (स ११६)।
अहिसिंचण न [**अभिषेचन**] अभिषेक ; (सम १२५)।
अहिसित्त देखो **अभिसित्त** ; (महा ; सुर ८, ११६)।
अहिसेअ देखो **अभिसेअ** ; (सुपा ३७ ; नाट)।
अहिसोढ वि [**अधिसोढ**] सहन किया हुआ ; (उप १४७ टी)।
अहिस्संग पुं [**अभिष्वङ्ग**] आसक्ति ; (नाट)।
अहिहय वि [**अभिहत**] १ आघात-प्राप्त ; (से ५, ७७)। २ मारित, व्यापादित ; (से १४, १२)।
अहिहर सक [**अभि+हृ**] १ लेना। २ उठाना। ३ अक. शोभना, विराजना। ४ प्रतिभास होना, लगना।
"वीयाभरणा अकयग्गमंडणा अहिहरंति रमणीओ।
सुगणाओ व कुसुमफलंतरम्मि सहयारवल्लीओ॥
इह हि हलिद्दाहयदविडसामलीगंडमंडलानीलं।
फलमसअलपरिणामावलंबि अहिहरइ चूयाण" (गउड)।
अहिहर न [**दे**] १ देव-कुल, पुराना देव-मन्दिर; २ वल्मीक; (दे १, ५७)।
अहिहव सक [**अभि+भू**] पराभव करना, जितना। अहिहवंति ; (स १६८)। कर्म—अहिहवीयंति; (स ६६८)।

अहिहाण न [**दे. अभिधान**] वर्णना, प्रशंसा ; (दे १, २१)।

अहिहाण देखो **अभिहाण** ; (स १६५ ; गउड ; सुर ३, २५ ; पात्र)।

अहिहू देखो **अहिहव**। कवकृ—**अहिहूअमाण** ; (अभि ३७)।

अहिहूअ वि [**अभिभूत**] पराभूत, परास्त ; (दे १, १५८)।

अही सक [**अधि+इ**] पढ़ना। कर्म—अहीयइ ; (विसे ३१६६)।

अही स्त्री [**अही**] नागिन, स्त्री-साँप ; (जीव २)।

अहीकरण न [**अधिकरण**] कलह, झगड़ा ; (निचू १०)।

अहीगार देखो **अहिगार** ; "मेसेमु अहीगारो, उवगग्गा-सरीरमुक्खेसु" (आचानि २५४)।

अहीण वि [**अधीन**] आयत्त, आधीन ; (पराह २, ४)।

अहीण वि [**अ-हीन**] अन्यून, पूर्ण ; (विपा १, १ ; उवा)।

अहीय वि [**अधीत**] पठित, अभ्यस्त "वेया अहीया ण भवंति ताणं" (उत्त १५, १२ ; गाया १, १४ ; मं ७८)।

अहीरग वि [**अहीरक**] तन्तु-रहित (फलादि) ; (जी १२)।

अहीरु वि [**अभीरु**] निडर, निर्भीक ; (भवि)।

अहीसर पुं [**अधीश्वर**] परमेश्वर ; (प्रामा)।

अहुआसेय वि [**अहुताशेय**] अग्नि के अयोग्य; (गउड)।

अहुणा अ [**अधुना**] अभी, इस समय, आजकल ; (ठा ३, ३ ; नाट)।

अहुलण वि [**अमार्जक**] अ-नाशक ; (कुमा)।

अहुल्ल वि [**अफुल्ल**] अ-विकसित ; (कुमा)।

अहुवंत वकृ [**अभवत्**] नहीं होता हुआ ; (कुमा)।

अहूण देखो **अहीण** = अहीन ; (कुमा)।

अहूव वि [**अभूत**] जो न हुआ हो। °**पुव्व** वि [°**पूर्व**] जो पहले कभी न हुआ हो ; (कुमा)।

अहे अ [**अधस्**] नीचे ; (आचा)। °**कम्म** न [°**कर्मन्**] आधाकर्म, भिक्षा का एक दोष ; (पिंड)। °**काय** पुं [°**काय**] शरीर का नीचला हिस्सा ; (सूअ १, ४, १)। °**चर** वि [°**चर**] बिल आदि में रहने वाले सर्प वगैरः जन्तु ; (आचा)। °**तारग** पुं [°**तारक**] पिशाच-विशेष ; (पराण १)। °**दिसा** स्त्री [°**दिक्**] नीचे की दिशा ; (आचा)। °**लोग** पुं [°**लोक**] पाताल-लोक ; (ठा २, २)। °**वाय** पुं [°**वात**] नीचे बहने वाला वायु ; (पराण १)। २ अपान-वायु, पर्दन ; (आवम)। °**वियड** वि [°**विकट**] भित्यादि-रहित स्थान, खुल्ला स्थान ; "तंमि भगवं अपडिन्ने अहे-वियडे अहियासए दविए" (आचा)। °**सत्तमा** स्त्री [°**सप्तमी**] सातवीँ या अन्तिम नरक-भूमि ; (सम ४१ ; गाया १, १६; १६)। देखो **अहो** = अधस्।

अहे देखो **अह** = अथ ; (भग १, ६)।

अहेउ पुं [**अहेतु**] १ सत्य हेतु का विरोधी, हेत्वाभास ; (ठा ५, १)। २ वि. कारण-रहित, नित्य ; (सूअ १, १, १)। °**वाय** पुं [°**वाद**] आगम-वाद, जिसमें तर्क—हेतु को छोड़ कर केवल शास्त्र ही प्रमाण माना जाता है। ऐसा वाद ; (सम्म १४०)।

अहेउय वि [**अहेतुक**] हेतु-वर्जित, निष्कारण ; (पउम ६३, ४)।

अहेसणिज्ज वि [**यथैषणीय**] संस्कार-रहित, कोरा ; "अहेसणिज्जाइं वत्थाइं जाएज्जा" (आचा)।

अहेसर पुं [**अहरीश्वर**] सूर्य, सूरज ; (महा)।

अहो देखो **अह** = अधस् ; (सम ३६ ; ठा २, २ ; ३, १ ; भग ; गाया १, १ ; पउम १०२, ८१ ; आव ३)। °**करण** न [°**करण**] कलह, झगड़ा ; (निचू १०)। °**गइ** स्त्री [°**गति**] १ नरक या तिर्यञ्च योनि। २ अवनति ; (पउम ८०, ४६)। °**गामि** वि [°**गामिन्**] दुर्गति में जाने वाला ; (सम १५३ ; श्रा ३३)। °**तरण** न [°**तरण**] कलह, झगड़ा ; (निचू १०)। °**मुह** वि [°**मुख**] अधोमुख, अवनत-मुख, लज्जित ; (सुर २, १५८ ; ३, १३५ ; सुपा २४२)। °**लोइय** वि [°**लौकिक**] पाताल लोक में संबन्ध रखने वाला ; (सम १४२)। °**हि** वि [°**अवधि**] १ नीचला दरजा का अवधिज्ञान वाला ; (राय)। २ पुंस्त्री. नीचला दरजा का अवधिज्ञान, अवधिज्ञान का एक भेद ; (ठा २, २)।

अहो अ [**अहनि**] दिवस में, "अहो य राओ य सिवाभि-लासिणो" (पउम ३१, १२८ ; पराह २, १)।

अहो अ [**अहो**] इन अर्थों का सूचक अव्यय ;—१ विस्मय, आश्चर्य ; २ खेद, शोक ; ३ आमन्त्रण, संबोधन ; ४ वितर्क ; ५ प्रशंसा ; ६ असूया, द्वेष ; (हे २, २१७ ;

आचा ; गउड)। °दाण न [°दान] आश्चर्य-कारक दान ; (उत्त २ ; कप्प)। °पुरिसिगा, °पुरिसिया स्त्री [°पुरुषिका] गर्व, अभिमान ; (स १२३ ; २८८)। °विहार पुं [°विहार] संयम का आश्चर्य-जनक अनुष्ठान ; (आचा)।

अहो° पुंन [**अहन्**] दिन दिवस ; (पिंग)। °**णिस निस, निसि** न [°**निश**] रात और दिन, दिन-रात, " णिरए णेरइयाणं अहोणिसं पच्चमाणाणं " (सूत्र १, ५, १ ; श्रा ५०) " अंतो अहोनिसिस्स उ " (विसे ८७३)। °**रत्त** पुं [°**रात्र**] १ दिन और रात्रि परिमित काल, आठ प्रहर ; (ठा २, ४) ; " तिण्णि अहोरत्ता पुण न खामिया कयंतेणं " (पउम ४३, ३१)। २ चार-प्रहर का समय ; (जो २)। °**राइया** स्त्री [°**रात्रिकी**] ध्यान-प्रधान अनुष्ठान-विशेष ; (पंचा १८ ; आव ४ ; सम २१)। °**राइंदिय** न [°**रात्रिन्दिव**] दिन-रात ; (भग ; औप)।

अहोरण न [**दे**] उत्तरीय वस्त्र, चद्दर ; (दे १, २५ ; गा ७७१)।

इअ सिरि**पाइअसद्दमहण्णवे** अयाराइसद्दसंकलणो णाम पढमो तरंगो समत्तो।

आ

आ पुं [**आ**] १ प्राकृत वर्णमाला का द्वितीय स्वर-वर्ण ; (प्रामा)। **इन** अर्थों का सूचक अव्यय; —२ अ. मर्यादा, सीमा ; जैसे—'आसमुद्दं' (गउड; विसे ८७४)। ३ अभिविधि, व्याप्ति ; जैसे—"आमूलसिरं फलिहत्थंभाओ" (कुमा; विसे ८७४)। ४ थोडाई, अल्पता ; जैसे—"आणीलकक्करुद्दंतुरं वरणं" (गउड); 'आअंब' (से ६, ३१ ; विसे १२३५)। ५ समन्तात्, चारों ओर; जैसे—"अणुकंडलमा विवइग्गणसरसकवरीविलंघियंसम्मि" (गउड; विसे ८७५)। ६ अधिकता, विशेषता ; जैसे—'आदीण' (सूअ १, ५)। ७ स्मरण, याद ; (षड्)। ८ विस्मय, आश्चर्य ; (ठा ५)। ९-१० क्रिया-शब्द के योग में अर्थ-विस्तृति और विपर्यय ; जैसे—'आरुहइ' 'आगच्छंतं' (षड्; कुमा)। ११ वाक्य की शोभा के लिए भी इसका प्रयोग होता है ; (गाया १, २)। १२ पादपूर्ति में प्रयुक्त किया जाता अव्यय ; (षड् २, १, ७६)।

आ अ [**आस्**] **इन** अर्थों का सूचक अव्यय ; १ खेद ; (गा ६२६)। २ दुःख ; ३ गुस्सा, क्रोध ; (कप्पू)।

आ सक [**या**] जाना। "अव्वो ण आमि छेत्तं" (गा ८२१)।

आअ वि [**दे**] १ अत्यंत, बहुत; २ दीर्घ, लम्बा; ३ विषम, कठिन; ४ न. लोह, लोहा; ५ मुसल, मूषल; (दे १, ७३)।

आअ वि [**आगत**] आया हुआ ; "पत्थंति आअरोसा" (से १२, ६८ ; कुमा)।

आअअ वि [**आगत**] आया हुआ; (से ३, ४ ; १२, १८; गा ३०१)।

आअअ वि [**आयत**] लम्बा, विस्तीर्ण ; (से ११, ११); "मरगयसूईविद्धं व मोत्तिअं पिअइ आअअग्गीवो। मोरो पाउसआले तणग्गलग्गं उअअबिंदुं" (गा ३६४)।

आअंछ सक [**कृष्**] १ खींचना। २ जोतना, चास करना। ३ रेखा करना। आअंछइ ; (षड्)।

आअंतव्व देखो **आगम**=आ + गम्।

आअंतुअ देखो **आगंतुय** ; (स्वप्न २० ; अभि १२१)।

आअंपिअ देखो **आकंपिय** ; (से १०, ५१)।

आअंब वि [**आताम्र**] थोडा लाल ; (से ६, ३१ ; सुर ३, ११०)।

°**आअंब** पुं [**कादम्ब**] हंस, पक्षि-विशेष; (से ६, ३१)।

आअक्ख सक [**आ+चक्ष्**] कहना, बोलना, उपदेश करना। आयक्खाहि ; (भग)। कर्म—आअक्खीअदि (शौ) ; (नाट)। भूकृ—आअक्खिद (शौ) ; (नाट)।

आअच्छ देखो **आगच्छ**। आअच्छइ; (षड्)। संकृ—**आअच्छिअ, आअच्छिऊण**; (नाट; पि ५८१; ५८४)।

आअड्ड अक [**दे**] परवश होकर चलना। आअड्डइ ; (दे १, ६६)।

आअड्ड अक [**व्या+पृ**] व्यापृत होना, काम में लगना। आअड्डइ ; (सण ; षड्)। आअड्डेइ ; (हे ४, ८१)।

आअड्डिअ वि [**दे**] परवश-चलित, दूसरे की प्रेरणा से चला हुआ ; (दे १, ६८)।

आअड्डिअ वि [**व्यापृत**] कार्य में लगा हुआ ; (कुमा)।

आअण्णण देखो **आयन्नण** ; (गा ६५६)।

आअत्ति देखो **आयइ** ; (पिंग)।

आअम देखो **आगम**; (अच्चु ७; अभि १८४ ; गा ४७६ ; स्वप्न ४८ ; मुद्रा ८३)।

आअमण देखो **आगमण** ; (से ३, २० ; मुद्रा १८७)।

आअर सक [**आ+दृ**] आदर करना, सत्कार करना। आअरइ ; (षड्)।

आअर न [**दे**] १ उदूखल, ऊखल ; २ कूर्च; (दे १, ७४)।

आअल्ल पुं [**दे**] १ रोग, बिमारी; (दे १, ७५ ; पाअ)। २ वि चंचल, चपल ; (दे १, ७५)। देखो **आयल्लया**।

आअलिल } स्त्री [**दे**] झाड़ी, लताओं से निबिड प्रदेश ;
आअल्ली } (दे १, ६१)।

आअव्व अक [**वेप्**] काँपना। आअव्वइ ; (षड्)।

आआमि देखो **आगामि** ; (अभि ८१)।

आआस देखो **आयंस** ; (षड्)।

आआसतअ (**दे**) देखो **आयासतल** ; (षड्)।

आइ सक [**आ+दा**] ग्रहण करना, लेना। आइएज्जा ; सूअ १, ७, २६)। आइयंति; (भग)। कर्म—आइयइ; (कस)। संकृ—**आइत्तूण; आयइत्ता, आइत्तु** ; (आचा; सूअ १, १२ ; पि ५७७)। प्रयो—आइयावेंति ; (सूअ २, १)। कृ—**आइयव्व** ; (कस)।

आइ पुं [**आदि**] १ प्रथम, पहला ; (सुर २, १३२)। २ वगैरः, प्रभृति ; (जी ३)। ३ समीप, पास। ४ प्रकार, भेद। ५ अवयव, अंश। ६ प्रधान, मुख्य ; "इअ आसंसंति निसोह ! सिंहदत्ताइणो दिआ तुज्झ"

(कुमा ; सुअ १, ५)। ७ उत्पत्ति ; (सम्म ६५)। ८ संसार, दुनयाँ; (सूअ १, ७)। °**गर** वि [°**कर**] १ आदि-प्रवर्तक; ;सम१)। २ पुं. भगवान् ऋषभदेव; (पउम २८, ३६)। °**गुण** पुं [°**गुण**] सहभावी गुण; (आव ४)। °**णाह** पुं [°**नाथ**] भगवान् ऋषभदेव ; (आवम)। °**तित्थयर** पुं [°**तीर्थकर**] भगवान ऋषभदेव; (णंदि)। °**देव** पुं [°**देव**] भगवान् ऋषभदेव ; (सुर २, १३२)। °**म** वि [°**म**] प्रथम, आद्य, पहला; (आव ५)। °**मूल** न [°**मूल**] मुख्य कारण ; (आचा)। °**मोक्ख** पुं [°**मोक्ष**] संसार से छुटकारा, मोक्ष ; २ शीघ्र ही मुक्त होने वाली आत्मा ; " इत्थीओ जे ण सेवंति आइमोक्खा हि ते जणा " ;(सूअ १, ७)। °**राय** पुं [°**राज**] भगवान् ऋषभदेव ; (ठा ६)। °**वराह** पुं [°**वराह**] कृष्ण, नारायण ; (से ७, २)।

आइ स्त्री [**आजि**] संग्राम, लडाई ; (मंथा)।

आइअंतिय देखो **अच्चंतिय** ; (भग १२, ६)।

आइं अ [**दे**] वाक्य की शोभा के लिए प्रयुक्त किया जाता अव्यय ; (भग ३, २)।

आइंग न [**दे**] वाद्य-विशेष ; (पउम ३, ८७ ; ६६, ६)।

आइंच देखो **आयंच**। आइंचइ ; (उवा)।

आइंछ देखो **आअंछ**। आइंछइ ; (हे ४, १८७)।

आइक्ख सक [**आ+चक्ष्**] कहना, उपदेश देना, बोलना ; आइक्खइ, (उवा)। वकृ—**आइक्खमाण** ; (णाया १, १२)। हेकृ—**आइक्खित्तए** ; (उवा)।

आइक्खग वि [**आख्यायक**] कहने वाला, वक्ता ; (पराह २, ४)।

आइक्खण न [**आख्यान**] कथन, उपदेश ; (बृह ३)।

आइक्खिय वि [**आख्यात**] उक्त, उपदिष्ट ; (स ३२)।

आइक्खिया स्त्री [**आख्यायिका**] १ वार्ता, कहानी ; (णाया १, १)। २ एक प्रकार की मैली विद्या, जिससे चाण्डालनी भूत-काल आदि की परोक्ष बातें कहती है ; (ठा ६)।

आइग्ग वि [**आविग्न**] उद्विग्न, खिन्न ; (पाअ)।

आइग्घ सक [**आ+घ्रा**] सूँघना। आइग्घइ, आइग्घाइ ; (षड्)। हेकृ—**आइग्घिउं** ; (कुमा)।

आइच्च अ [**दे**] कदाचित् , कोइवार ; (पराण १७—पत्र ४८५)।

आइच्च पुं [**आदित्य**] १ सूर्य, सूरज, रवि ; (सम ५६)। २ लोकान्तिक देव-विशेष ; (णाया १, ८)। ३ न. देवविमान-विशेष ; ४ पुं. तन्निवासी देव ; (पव)। ५ वि. आद्य, प्रथम ; (सुज्ज २०)। ६ सूर्य-संबन्धी ; " आइच्चे णं मासे " (सम ५६)। °**गइ** पुं [°**गति**] राक्षस वंश के एक राजा का नाम ; (पउम ५, २६१)। °**जस** पुं [°**यशस्**] भरत चक्रवर्ती का एक पुत्र, जिससे इक्ष्वाकु वंश की शाखारूप सूर्यवंश की उत्पत्ति हुई थी ; (पउम ५, ३ ; सुर २, १३४)। °**पभ** न [°**प्रभ**] इस नाम का एक नगर ; (पउम ५, ८२)। °**पीढ** न [°**पीठ**] भगवान् ऋषभदेव का एक स्मृति-चिन्ह—पादपीठ; (आवम)। °**रक्ख** पुं [°**रक्ष**] इस नाम का लङ्का का एक राज-पुत्र ; (पउम ५, १६६)। °**रय** पुं [°**रजस्**] वानर वंश का एक विद्याधर राजा ; (पउम ८, २३४)।

आइज्ज देखो **आएज्ज** ; (नव १५)।

आइज्जमाण वकृ [**आर्द्रीक्रियमाण**] आर्द्र किया जाता, भींजाया जाता ; (आचा)।

आइज्जमाण देखो **आढा**=आ+दृ।

आइट्ठ वि [**आदिष्ट**] १ उक्त, उपदिष्ट ; (सुर ४, १०१)। २ विवक्षित ; (सम्म ३८)।

आइट्ठ वि [**आविष्ट**] अधिष्ठित, आश्रित ; (कस)।

आइट्ठि स्त्री [**आदिष्टि**] धारणा ; (ठा ७)।

आइड्ढि स्त्री [**आत्मर्द्धि**] आत्मा की शक्ति, आत्मीय सामर्थ्य ; (भग १०, ३)।

आइड्ढिय वि [**आत्मर्द्धिक**] आत्मीय-शक्ति-संपन्न ; (भग १०, ३)।

आइण्ण देखो **आइन्न** ; (औप ; भग ७, ८ ; हे ३, १३४)।

आइत्त वि [**आदीप्त**] थोड़ा प्रकाशित—ज्वलित ; (णाया १, १)।

आइत्त वि [**आयत्त**] अधीन, वशीभूत ; " तुज्झ सिरी जा परस्स आइत्ता " (जीवा १०)।

आइत्तु वि [**आदातृ**] ग्रहण करने वाला ; (ठा ७)।

आइत्तूण देखो **आइ**=आ+दा।

आइदि स्त्री [**आकृति**] आकार ; (प्राप्र ; स्वप्न २०)।

आइद्ध वि [**आविद्ध**] १ प्रेरित ; (से ७, १०)। २ स्पृष्ट, छूआ हुआ ; (से ३, ३५)। ३ पहना हुआ, परिहित ; (आक ३८)।

आइद्ध वि [**आदिग्ध**] व्याप्त ; (णाया १, १)।
आइन्न वि [**आकीर्ण**] १ व्याप्त, भरा हुआ ; (सुर १, ४६ ; ३, ७१)। २ पुं. वस्त्र-दायक कल्प-वृक्ष ; (ठा १०)।
आइन्न वि [**आचीर्ण**] आचरित, विहित ; (आचा ; चैत्य ४६)।
आइन्न वि [**आदीर्ण**] उद्विग्न, खिन्न ; " आइन्नाइं पियराइं तीए पुच्छंति दिव्व-देवन्नं " (सुपा ५६७)।
आइन्न पुं [**दे**] जात्याश्व, कुलीन घोड़ा ; (पगह १, ४)।
आइप्पण न [**दे**] १ आटा ; (गा १६६; दे १, ७८)। २ घर को शोभा के लिये जो चूना आदि की सफेदी दी जाती है वह ; ३ चावल के आटा का दूध ; ४ घर का मण्डन—भूषण ; (दे १, ७८)।
आइय (अप) वि [**आयात**] आया हुआ ; (भवि)।
आइय वि [**आचित**] १ संचित, एकत्रीकृत ; २ व्याप्त, आकीर्ण ; ३ ग्रथित, गुम्फित ; (कप्प; औप)।
आइय वि [**आदृत**] आदर-प्राप्त ; (कप्प)।
आइयण न [**आदान**] ग्रहण, उपादान; (पगह १, ३)।
आइयणया स्त्री [**आदान**] ग्रहण, उपादान; (ठा २,१)।
आइरिय देखो **आयरिय**=आचार्य ; (हे १, ७३)।
आइल वि [**आविल**] मलिन, कलुष, अ-स्वच्छ; (पगह १, ३)।
आइल्ल, **आइल्लिय** वि [**आदिम**] प्रथम, पहला ; (सम १२६ ; भग)। " आइल्लियासु तिसु लेसासु " (पगण १७ ; विसे २६२४)।
आइवाहिअ पुं [**आतिवाहिक**] देव-विशेष, जो मृत जीव को दूसरे जन्म में ले जाने के लिए नियुक्त है ;

" काहे अमाणवंता अग्गिमुहा आइवाहिआ तव पुरिसा।
अइलंघेहिंति ममं अच्चुआ ! तमगहणनिउणयरकंतारं "
(अच्चु ८५)।

आइस सक [**आ+दिश्**] आदेश करना, हुकुम करना, फरमाना। आइसह ; (पि ४७१)। वकृ—**आइसंत** ; (सुर १६, १३)।
आइसण वि [**दे**] उज्झित, परित्यक्त ; (दे १, ७१)।
आईण वि [**आदीन**] १ अतिदीन, बहुत गरीब ; (सूअ १, ५)। २ न. दूषित भिक्षा ; (सूअ १, १०)।
आईण पुं [**दे**] जातिमान् अश्व, कुलीन घोड़ा ; (णाया १, १७)।
आईण, **आईणग** न [**आजिन °क**] १ चमड़े का बना हुआ वस्त्र ; (णाया १, १; आचा)। २ पुं. द्वीप-विशेष ; ३ समुद्र-विशेष ; (जीव ३)। °**भद्द** पुं [°**भद्र**] आजिन-द्वीप का अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**महाभद्द** पुं [°**महाभद्र**] देखो पूर्वोक्त अर्थ ; (जीव ३)। °**महावर** पुं [°**महावर**] आजिन और आजिनवर-नामक समुद्र का अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**वर** पुं [°**वर**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; ३ आजिन और आजिनवर समुद्र का अधिष्ठाता देव ; (जीव ३)। °**वरभद्द** पुं [°**वरभद्र**] आजिनवर-द्वीप का अधिष्ठाता देव; (जीव ३)। °**वरमहाभद्द** पुं [°**वरमहाभद्र**] देखो अनन्तर उक्त अर्थ; (जीव ३)। °**वरोभास** पुं [°**वरावभास**] १ द्वीप-विशेष ; २ समुद्र-विशेष ; (जीव ३)। °**वरोभासभद्द** पुं [°**वरावभासभद्र**] उक्त द्वीप का अधिष्ठायक देव ; (जीव ३)। °**वरोभासमहाभद्द** पुं [°**वरावभास-महाभद्र**] देखो पूर्वोक्त अर्थ ; (जीव ३)। °**वरोभास-महावर** पुं [°**वरावभासमहावर**] आजिनवरावभास-नामक समुद्र का अधिष्ठाता देव; (जीव ३)। °**वरोभास-वर** [°**वरावभासवर**] देखो अनन्तर-उक्त अर्थ ; (जीव ३)।
आईनीइ स्त्री [**आदिनीति**] साम-रूप पहली राज-नीति ; (सुपा ४६२)।
आईय देखो **आइ**=आदि ; (जी ७ ; काल)।
आईय वि [**आतीत**] १ विशेष-ज्ञात ; २ संसार-प्राप्त, संसार में घुमने वाला ; (आचा)।
आईल पुंन [**आचील**] पान का थूंकना ; (पव)।
आईव अक [**आ+दीप्**] चमकना। वकृ—**आईवमाण**; (महानि)।
आउ स्त्री [**दे**] १ पानी, जल, (दे १, ६१)। २ इस नाम का एक नक्षत्र-देव; (ठा २, ३)। °**काय**, °**क्काय** पुं [°**काय**] जल का जीव ; (उप ६८५ ; पगण १)। °**काइय**, °**क्काइय** पुं [°**कायिक**] जल का जीव; (पगण १; भग २४, १३)। °**जीव** पुं [°**जीव**] जल का जीव (सूअ १, ११)। °**बहुल** वि [°**बहुल**] १ जल-प्रचुर ; २ रत्नप्रभा पृथिवी का तृतीय काण्ड ; (सम ८८)।
आउ अ [**दे**] अथवा, या; "आउ पलोहेइ मं अज्जउत्त-वेसेण कोइ अमाणुसो, आउ सच्चयं चेव अज्जउत्तोत्ति" (स ३४६)।

आउ } न [**आयुष्**] १ आयु, जीवन-काल ; (कुमा ;
उम्माहय वि [**उन्माथक**] विनाशक ; "अहो उम्माहयत्तं विसयाणं" (महा ; भवि) ।
उम्माहि वि [**उन्माथिन्**] विनाशक; (महा-टि) ।
उम्माहिय वि [**उन्माथित**] विनाशित ; (भवि) ।
उम्मि पुंस्त्री [**ऊर्मि**] १ कल्लोल, तरंग ; (कुमा; दे ३,६); २ भीड़, जन-समुदाय ; (भग २, १) । °**मालिणी** स्त्री [°**मालिनी**] नदी-विशेष ; (ठा २, ३) ।
उम्मिंठ वि [**दे**] हस्तिपक-रहित, महावत-रहित, निरंकुश ; "उम्मिंठकरिव्वो इव उम्मूलइ नयसमूहं सो" (सुपा ३४८ ; २०३) ।
उम्मिय वि [**उन्मित**] प्रमित, "कोडाकोडिजुगुम्मियावि विहिणो हाहा विचित्ता गदी" (रंभा) ।
उम्मिलिर वि [**उन्मीलितृ**] विकासी "तत्थ य उम्मिलिर-पढमपल्लवारुणियसयलसाहस्स" (सुपा ८६) ।
उम्मिल्ल अक [**उद्+मील्**] १ विकसित होना । २ खुलना । ३ प्रकाशित होना । उम्मिल्लइ; (गउड) । वकृ—**उम्मिल्लंत**; (से १०, ३१) ।
उम्मिल्ल वि [**उन्मील**] १ विकसित ; (पाअ ; से १०, ५०; स ७६) । २ प्रकाशमान ; (से ११, ६४ ; गउड) ।
उम्मिल्लण न [**उन्मीलन**] विकास, उल्लास ; (गउड) ।
उम्मिल्लिय वि [**उन्मीलित**] १ विकसित; उल्लसित; २ उद्घाटित, खुला हुआ; "तओ उम्मिल्लियाणि तस्स नयणाणि" (आवम; स २८०) । ३ प्रकाशित; ४ बहिष्कृत; "पंजरुम्मिल्लियमणिकणगथूभियागे" (जीव ४) । ५ न. विकास; (अणु) ।
उम्मिस अक [**उद्+मिष्**] खुलना, विकसना । वकृ—**उम्मिसंत** ; (विक ३४) ।
उम्मिसिय वि [**उन्मिषित**] १ विकसित, प्रफुल्ल ; (भग १४, १) । २ न. विकास, उन्मेष; (जीव ३) ।
उम्मिस्स देखो **उम्मीस** ; (पव ६७) ।
उम्मीलण देखो **उम्मिल्लण** ; (कुमा; गउड) ।
उम्मीलणा स्त्री [**उन्मीलना**] प्रभव, उत्पत्ति ; (राज) ।
उम्मीलिय देखो **उम्मिल्लिय** ; (राज) ।
उम्मीस वि [**उन्मिश्र**] मिश्रित, युक्त ; (सुपा ७८ ; प्रासू ३२) ।
उम्मुअ न [**उल्मुक**] अलात, लूका ; (पाअ) ।
उम्मुंच सक [**उद्+मुच्**] परित्याग करना । वकृ—**उम्मुंचंत** ; (विसे २७५०) ।
उम्मुक्क वि [**उन्मुक्त**] १ विमुक्त, रहित ; "ते वीरा बंधणुम्मुक्का नावकंखंति जीवियं" (सुअ १, ६) । २ उत्क्षिप्त ; (औप) । ३ परित्यक्त ; (आवम) ।
उम्मुग्ग वि [**उन्मग्न**] १ जल के ऊपर तैरा हुआ । २ न. तैरना । °**निमुग्गिया** स्त्री [°**निमग्नता**] उबडुब करना ; "से भिक्खू वा० उदगंसि पवमाणे नो उम्मुग्ग-निमुग्गियं करेज्जा" (आचा २, ३, २, ३) ।
उम्मुग्गा } स्त्री. देखो **उम्मग्ग**=उन्मग्न ; (पण्ह १, ३ ;
उम्मुज्जा } पि १०४ ; २३४ ; आचा) ।
उम्मुट्ठ वि [**उन्मृष्ट**] स्पृष्ट, छूआ हुआ ; (पाअ) ।
उम्मुद्दिअ वि [**उन्मुद्रित**] १ विकसित, प्रफुल्ल ; (गउड ; कप्पू) । २ उद्घाटित, खोला हुआ ; "उम्मुद्दिओ समुग्गो, तम्मज्झे लहुसमुग्गयं नियइ" (सुपा १४४) ।
उम्मुयण न [**उन्मोचन**] परित्याग, छोड देना ; (सुर २, १६०) ।
उम्मुयणा स्त्री [**उन्मोचना**] त्याग, उज्झन ; (आव ५) ।
उम्मुह वि [**दे**] दृप्त, अभिमानी ; (दे १, ६६ ; षड्) ।
उम्मुह वि [**उन्मुख**] १ संमुख; (उप पृ १३४) । २ ऊर्ध्व-मुख ; (से ६, ८२) ।

उम्मूढ वि [**उन्मूढ**] विशेष मूढ, अत्यन्त मुग्ध। °**विसूइया** स्त्री [°**विसूचिका**] रोग-विशेष ; (सुपा १६)।
उम्मूल वि [**उन्मूल**] उन्मूलन करने वाला, विनाशक ; (गा ३५५)।
उम्मूल सक [**उद्+मूलय्**] उखेड़ना, मूल से उखाड़ फेंकना। उम्मूलेइ ; (महा)। वकृ—**उम्मूलंत, उम्मूलयंत** ; (से १, ४; स ५६६)। संकृ—**उम्मूलिऊण** ; (महा)।
उम्मूलण न [**उन्मूलन**] उत्पाटन, उत्खनन ; (पि २७८)।
उम्मूलणा स्त्री [**उन्मूलना**] ऊपर देखो ; (पराह १, १)।
उम्मूलिअ वि [**उन्मूलित**] उत्पाटित, मूल से उखाड़ा हुआ ; (गा ४७५ ; सुर ३, २४५)।
उम्मेंठ [**दे**] देखो **उम्मिंठ** ; (पउम ७१, २६ ; स ३३२)।
उम्मेस पुं [**उन्मेष**] उन्मीलन, विकास ; (भग १३, ४)।
उम्मोयणी स्त्री [**उन्मोचनी**] विद्या-विशेष ; (सुर १३, ८१)।
उम्ह पुंस्त्री [**ऊष्मन्**] १ संताप, गरमी, उष्णता ; "सरीरउम्हाए जीवइ सयावि" (उप ५६७ टी ; णाया १, १ ; कुमा)। २ भाफ, बाष्प ; (से २, ३२ ; हे २, ७४)।
उम्हइअ } वि [**उष्मायित**] संतप्त, गरम किया हुआ ; (से
उम्हविय } ४, १ ; पउम २, ६६ ; गउड)।
उम्हाअ अक [**ऊष्माय्**] १ गरम होना। २ भाफ निकालना। वकृ—**उम्हाअंत, उम्हाअमाण** ; (से ६, १० ; पि ५५८)।
उम्हाल वि [**ऊष्मवत्**] १ गरम, परितप्त; २ बाष्प-युक्त ; (गउड)।
उम्हाविअ न [**दे**] सुरत, संभोग ; (दे १, ११७)।
उयट्ट देखो **उव्वट्ट**=उद् + वृत्। उयट्टेंति ; भूका—उयट्टिंसु ; (भग)।
उयट्ट देखो **उव्वट्ट**=उद्वृत्त।
उयचिय [**दे**] देखो **उविय**=परिकर्मित ; " उयचियखोमदुगुल्लपट्टपडिच्छणे" (णाया १, १—पत्र १३)।
उयर वि [**उदार**] श्रेष्ठ, उत्तम ; "देवा भवंति विमलोयरकंतिजुत्ता" (पउम १०, ८८)।
उयाइय न [**उपयाचित**] मनौती ; (सुपा ८ ; ५७८)।
उयाय वि [**उपयात**] उपगत ; (राज)।
उयाहु देखो **उदाहु** ; (सुर १२, ५६ ; काल ; विसे १६१०)।
उय्यकिअ वि [**दे**] इकट्ठा किया हुआ ; (षड्)।
उय्यल वि [**दे**] अध्यासित, आरूढ ; (षड्)।
उर पुंन [**उरस्**] वक्षःस्थल, छाती ; (हे १, ३२)। °**अ**, °**ग** पुंस्त्री [°**ग**] सर्प, साँप ; (काप्र १७१) ;
" उरगगिरिजलणसागरनहतलतरुगणसमो अ जो होइ।
भमरमियधरणिजलरुहरविपवणसमो अ सो समणो ॥"(अणु)।
°**तव** पुं [°**तपस्**] तप-विशेष ; (ठा ४)। °**त्थ** न [°**स्त्र**] अस्त्र-विशेष, जिसके फेंकने से शत्रु सर्पों से वेष्टित होता है ; (पउम ७१, ६६)। °**परिसप्प** पुंस्त्री [°**परिसर्प**] पेट से चलने वाला प्राणी (सर्पादि) ; (जो २०)। °**सुत्तिया** स्त्री [°**सूत्रिका**] मोतियों का हार ; (राज)।
उर न [**दे**] आरम्भ, प्रारंभ ; (दे १, ८६)।
उरंउरेण अ [**दे**] साक्षात् ; (विपा १, ३)।
उरत्त वि [**दे**] खण्डित, विदारित ; (दे १, ६०)।
उरत्थय न [**दे**] वर्म, बख्तर ; (पात्र)।
उरब्भ पुंस्त्री [**उरभ्र**] मेष, भेड़ ; (णाया १, १ ; पराह १, १)।
उरब्भिज्ज } वि [**उरभ्रीय**] १ मेष-संबन्धी ; २ उत्तरा-
उरब्भिय } ध्ययन सूत्र का एक अध्ययन ; " तत्तो समुद्दियमेयं उरब्भिज्जंति अज्झयणं " (उत्तनि ; राज)।
उरय पुं [**उरज**] वनस्पति-विशेष ; (राज)।
उररि पुं [**दे**] पशु, बकरा ; (दे १, ८८)।
उरल देखो **उराल** ; (कम्म १ ; भग ; दं २२)।
उरविय वि [**दे**] १ आरोपित ; २ खण्डित, छिन्न ; (षड्)।
उरस्स वि [**उरस्य**] १ सन्तान, बच्चा ; (ठा १०)। २ हार्दिक, आभ्यन्तर ; "उरस्सबलसमण्णागय—"(राय)।
उराल वि [**उदार**] १ प्रबल ; (राय)। २ प्रधान, मुख्य ; (सुज्ज १)। ३ सुन्दर, श्रेष्ठ; (सूत्र १, ६)। ४ अद्भुत ; (चंद २०)। ५ विशाल, विस्तीर्ण ; (ठा ५)। ६ न. शरीर-विशेष, मनुष्य और तिर्यञ्च् (पशु-पक्षी) इन दोनों का शरीर ; (अणु)।
उराल वि [**दे**] भयंकर, भीष्म ; (सुज्ज १)।
उरालिय न [**औदारिक**] शरीर-विशेष ; (सण)।
उरिआ स्त्री [**उड्रिका**] लिपि-विशेष ; (सम ३५)।
उरितिय न [**दे. उरसि-त्रिक**] तीन सर वाला हार ; (औप)।

°उरिस देखो **पुरिस** ; (गा २८२) ।
उरु वि [**उरु**] विशाल, विस्तीर्ण ; (पाअ) ।
उरुपुल्ल पुं [**दे**] १ अपूप, पूआ ; २ खिचडी ; (दे १, १३४) ।
उरुमल्ल
उरुमिल्ल
उरुसोल्ल } वि [**दे**] प्रेरित ; (षड् ; दे १, १०८) ।
उरोरुह न [**उरोरुह**] १ स्तन, थन ; २ जैन साध्वीओं का उपकरण-विशेष ; (ओघ ३१७ भा) ।
°उल देखो **कुल** ; (से १, २६ ; गा ११६; सुर ३, ४१ ; महा) ।
उलय
उलव } पुंन [**उलप**] तृण-विशेष ; (सुपा २८१ ; प्राप्र) ।
उलवी स्त्री [**उलपी**] तृण-विशेष ; " उलवी वीरणं " (पाअ) ।
उलिअ वि [**दे**] अ-संकुचित नजर वाला, स्फार-दृष्टि ; (दे १, ८८) ।
उलित्त न [**दे**] ऊँचा कुँआ ; (दे १, ८६) ।
°उलीण देखो **कुलीण** ; (गा २५३) ।
उलुउंडिअ वि [**दे**] प्रलुठित, विरेचित ; (दे १, ११६) ।
उलुओसिअ वि [**दे**] रोमाञ्चित, पुलकित ; (षड्) ।
उलुकसिअ वि [**दे**] ऊपर देखो ; (दे १, ११५) ।
उलुखंड पुं [**दे**] उल्मुक, अलात, लूका ; (दे १, १०७) ।
उलुग पुं [**उलुक**] १ उल्लू, पेचक ; २ देश-विशेष ; (पउम ६८, ६६) ।
उलुगी स्त्री [**औलुकी**] विद्या-विशेष ; (विसे २४५४) ।
उलुग्ग वि [**अवरुग्ण**] बिमार ; (महा) ।
उलुग्ग वि [**दे**] देखो **ओलुग्ग** ; (महा) ।
उलुफुंटिअ वि [**दे**] १ विनिपातित, विनाशित; २ प्रशान्त ; (दे १, १३८) ।
उलुय देखो **उलूअ** ; " अह कह दिणमणितेयं, उलुयाणं हरइ अंधत्तं " (सट्टि १०८ ; सुर १, २६ ; पउम ६७, २४) ।
उलुहंत पुं [**दे**] काक, कौआ ; (दे १, १०६) ।
उलुहलिअ वि [**दे**] अतृप्त, तृप्ति रहित ; (दे १, ११७) ।
उलुहुलअ वि [**दे**] अ-वितृप्त, तृप्ति-रहित ; (षड्) ।
उलूअ पुं [**उलूक**] १ उल्लू, पेचक ; (पाअ) । २ वैशेषिक मत का प्रवर्तक कणाद मुनि ; (सम्म १४६; विसे २५०८) ।
उलूखल देखो **उऊखल** ; (कुमा) ।
उलूलु पुं [**उलूलु**] मङ्गल-ध्वनि ; (रंभा) ।
उलूहल देखो **उऊखल**; (हे १, १७१ ; महा) ।
उल्ल वि [**आर्द्र**] गीला, आर्द्र ; (कुमा; हे १, ८२) ।
°गच्छ पुं [**°गच्छ**] जैन मुनिओं का गण विशेष ; (कप्प) ।
उल्ल सक [**आर्द्रय्**] १ गीला करना, आर्द्र करना । २ अक. आर्द्र होना । उल्लेइ; (हे १, ८२) । वकृ— **उल्लंत, उल्लिंत** ; (गउड) । संकृ—**उल्लेत्ता** ; (महा) ।
उल्ल न [**दे**] ऋण, करजा; " तो मं उल्लं धरिऊण " (सुपा ४८६) ।
उल्लअण न [**उल्लयन**] अर्पण, समर्पण; (से ११, ५१) ।
उल्लंक पुं [**उल्लङ्क**] काष्ठ-मय वारक; (निचू १२) ।
उल्लंघ सक [**उत्+लङ्घ्**] उल्लङ्घन करना, अतिक्रमण करना । उल्लंघेज्ज; (पि ४५६) । हेकृ —**उलंघित्तए** ; (भग ८, ३३) ।
उल्लंघण न [**उल्लङ्घन**] १ अतिक्रमण, उत्प्लवन ; (पण्ण ३६) । २ वि. अतिक्रमण करने वाला " उल्लंघणे य चंडे य पावसमणे त्ति वुच्चइ " (उत्त ८) ।
उल्लंठ वि [**उल्लण्ठ**] उद्धत ; " जंपंति उल्लंठ-वयणाइं " (काल) ।
उल्लंडग पुं [**उल्लण्डक**] छोटा मृदङ्ग, वाद्य-विशेष ; (राज) ।
उल्लंडिअ वि [**दे**] बहिष्कृत, बाहर निकाला हुआ ; (पाअ) ।
उल्लंबण न [**उल्लम्बन**] उद्बन्धन, फाँसी लगा कर लटकना ; (सम १२५) ।
उल्लक्क वि [**दे**] १ भग्न, टूटा हुआ ; २ स्तब्ध ; " उल्लक्कं सिराजालं " (स २६४) ।
उल्लट्ट वि [**दे**] उल्लुण्ठित, खाली किया हुआ ; (दे १, ८१) ।
उल्लण वि [**उल्बण**] उत्कट ; (पंचा २) ।
उल्लण न [**आर्द्रीकरण**] गीला करना; (उवा; ओघ ३६; से २, ८) ।
उल्लणिया स्त्री [**आर्द्रयणिका**] जल पोंछने का गमछा, टोपिया ; (उवा) ।
उल्लद्दिय वि [**दे**] भाराक्रान्त, जिस पर बोझा लादा गया हो वह " अह तम्मि सत्थलोए उल्लद्दियसयलवसहनियरम्मि " (सुर २, २) ।

उल्लरय न [दे] कौडीओं का आभूषण; (दे १, ११०)।

उल्लल अक [उत् + लल्] १ चलित होना, चञ्चल होना। २ ऊँचा चलना। ३ उत्पन्न होना। उल्ललइ; (से ११, १३)। वकृ—**उल्ललंत**; (काल)।

उल्ललिअ वि [उल्ललित] १ चञ्चल; (गा ५६६)। २ उत्पन्न; (से ६, ६८)।

उल्ललिअ वि [दे] शिथिल, ढीला; (दे १, १०४)।

उल्लव सक [उत् + लप्] १ कहना। २ बकना, बकवाद करना, खराब शब्द बोलना। "जं वा तं वा उल्लवइ" (महा)। वकृ—**उल्लवंत, उल्लवेमाण**; (पउम ६४, ८; सुर १, १६६)।

उल्लवण न [उल्लपन] १ बकवाद; २ कथन; "जइवि न जुज्जइ जह तह मणवल्लहनामउल्लवणं" (सुपा ४६८)।

उल्लविय वि [उल्लपित] १ कथित, उक्त; २ न. उक्ति, वचन; "अंगपच्चंगसंठाणं चारुल्लवियपेहणं" (उत्त)।

उल्लविर वि [उल्लपितृ] १ वक्ता, भाषक; २ बकवादी, वाचाट; (गा १७२; सुपा २२६)।

उल्लस अक [उत्+लस्] १ विकसित होना। २ खुश होना। उल्लसइ; (षड्)। वकृ—**उल्लसंत**; (गा ५६०; कप्प)।

उल्लस देखो **उल्लास**; (गउड)।

उल्लसिअ वि [उल्लसित] १ विकसित; २ हर्षित; (षड्; निचू १)।

उल्लसिअ वि [दे.उल्लसित] पुलकित, रोमाञ्चित; (दे १, ११५)।

उल्लाय वि [दे] लात मारना, पाद-प्रहार; (तंदु)।

उल्लाय पुं [उल्लाप] १ वक्र वचन; २ कथन; (भग)।

उल्लाल सक[उत्+नमय्] १ ऊँचा करना। २ ऊपर फेंकना। उल्लालइ; (हे ४, ३६) वकृ—**उल्लालेमाण**; (अंत २१)

उल्लाल सक [उत्+लालय्] ताडन करना, पीडना। वकृ—**उल्लालेमाण**; (राज)।

उल्लाल पुंन [उल्लाल] छन्द-विशेष; (पिंग)।

उल्लालिअ वि [उन्नमित] १ ऊँचा किया हुआ; २ ऊपर फेंका हुआ; (कुमा; हे ४, ४२२)।

उल्लालिय वि [उल्लालित] ताडित; (राज)।

उल्लाव सक [उत्+लप्, लापय्] १ कहना, बोलना। २ बकवाद करना। ३ बुलवाना। ४ बकवाद कराना। वकृ—**उल्लावंत, उल्लावेंत**; (से ११, १०; गा ५३६; ६५१; हे २, १६३)।

उल्लाव पुं [उल्लाप] १ शब्द, आवाज; (से १, ३०)। २ उत्तर, जवाब; (ओघ ५६ भा; गा ५१४)। ३ बकवाद, विकृत वचन; ४ उक्ति, कथन; (पउम ७०, ५८)। ५ संभाषण;

"नयणेहिं को न दीसइ; केण समाणं न होंति उल्लावा।
हियआणंदं जं पुण, जणेइ तं माणुसं विरलं॥" (महा)।

उल्लाविअ वि [उल्लपित] १ उक्त, कथित; २ न. उक्ति, वचन; (गा ५८६)।

उल्लाविर वि [उल्लपितृ] १ बोलनेवाला, भाषक; (हे २, १६३; सुपा २२६)।

उल्लासग वि [उल्लासक] १ विकसित होने वाला; २ आनन्द-जनक; (धा २७)।

उल्लासि } वि [उल्लासिन्) ऊपर देखो; (कप्पू; **उल्लासिर** } लहुअ १; प्रासू ६६)।

उल्लाह सक [उत्+लाघय्] कम करना, हीन करना। वकृ—**उल्लाहअंत**; (उत्तर ६१)।

उल्लिअ वि [दे] उपसर्पित; उपागत; (षड्)।

उल्लिअ वि [आर्द्रित] गीला किया हुआ; (गउड; हे ३, १६)।

उल्लिंच सक [उद्+रिच्] खाली करना। हेकृ—"**उल्लिंचिऊण** य समत्थो हत्थउडेहिं समुद्दं" (पुप्फ ४०)।

उल्लिंचिय वि [दे] उद्रिक्त, खाली किया हुआ;

"तह नाहिदहो जुव्वणयणेण लायन्नवारिणा भरिओ।
नहु निट्ठइ जह उल्लिंचिओवि पियनयणकलसेहिं"
(सुपा ३३)।

उल्लिक्क न [दे] दुश्चेष्टित, खराब चेष्टा; (षड्)।

उल्लिया स्त्री [दे] राधा-वेध का निशाना "विंधेयव्वा विवरीयभमंतद्धचक्कोवरिथिउल्लिया" (स १६२)।

उल्लिह सक [उद्+लिह्] १ चाटना। २ खाना, भक्षण करना; "उक्खलिउग्गिहिअमुररी उअ रोरघरम्मि उल्लिहइ" (दे १, ८८)।

उल्लिह सक [उद्+लिख्] १ रेखा करना। २ लिखना। ३ घिसना।

उल्लिहण न [उल्लेखन] १ घर्षण; (सुपा ४८)। २ विलेखन; "वहुआइ नहुल्लिहणे" (हे १, ७)।

उल्लिहिय वि [**उल्लिखित**] १ घृष्ट, घिसा हुआ ; (गाया १, २)। २ छिला हुआ, तच्छित; (पाअ)। ३ रेखा किया हुआ ; (सुपा १६३ ; प्रासू ७)।

उल्ली स्त्री [**दे**] १ चुल्हा ; (दे १, ८७)। २ दाँत का मैल; "उल्ली दंदेसु दुग्गंधा" (महा)।

उल्लुअ वि [**दे**] १ पुरस्कृत, आगे किया हुआ; २ रक्त, रँगा हुआ ; (षड्)।

उल्लुंचिअ वि [**उल्लुञ्चित**] उखाड़ा हुआ, उन्मूलित; "मुट्ठीहिं कुंतलकलावा उल्लुंचिया" (सुपा ८०; प्रवो ६८)।

उल्लुंटिअ वि [**दे**] संचूर्णित, टुकड़ा टुकड़ा किया हुआ; (दे १, १०६)।

उल्लुंठ वि [**उल्लुण्ठ**] उल्लंठ, उद्धत ; (सुपा ४६५ ; सुर ६, २१५)।

उल्लुंड सक [**वि+रेचय्**] झरना, टपकना, बाहर निकलना। उल्लुंडइ; (हे ४, २६)। प्रयो, वकृ—**उल्लुंडावंत**; (कुमा)।

उल्लुक्क वि [**दे**] त्रुटित, टूटा हुआ ; (दे १, ६२)।

उल्लुक्क सक [**तुड्**] तोड़ना । उल्लुक्कइ ; (हे १, ११६; षड्)।

उल्लुक्किअ वि [**तुडित**] त्रोटित, तोड़ा हुआ; (कुमा)।

उल्लुग° } स्त्री [**उल्लुका**] १ नदी-विशेष; (विसे २४२६)। **उल्लुगा** } २ उल्लुका नदी के किनारे का प्रदेश; (विसे २४-२५)। °**तीर** न [°**तीर**] उल्लुका नदी के किनारे बसा हुआ एक नगर ; (विसे २४२४; भग २६, ३)।

उल्लुज्झण न [**दे**] पुनरुत्थान, कटे हुए हाथ पाँव की फिर से उत्पत्ति ; (उप ३८१)।

उल्लुट्ट अक [**उत्+लुट्**] नष्ट होना, ध्वंस पाना। वकृ— "तहवि य सा रायसिरी उल्लुट्टंती न ताइया ताहिं" (उव)।

उल्लुट्ट वि [**दे**] मिथ्या, असत्य, झूठा ; (दे १, ८६)।

उल्लुरुह पुं [**दे**] छोटा शङ्ख ; (दे १, १०५)।

उल्लुलिअ वि [**उल्लुलित**] चलित ; (गा ५६७)।

उल्लुह अक [**निस्+सृ**] निकला। उल्लुहइ ; (हे ४, २५६)।

उल्लुहुंडिअ वि [**दे**] उन्नत, उच्छ्रित ; (षड्)।

उल्लूढ वि [**दे**] १ आरूढ़ ; (दे १, १०० ; षड्)। २ अङ्कुरित ; (दे १, १०० ; पाअ)।

उल्लूर सक [**तुड्**] १ तोडना । २ नाश करना । उल्लूरइ; (हे ४, ११६ ; कुमा)।

उल्लूरण न [**तोडन**] छेदन, खण्डन ; (गा १६६)।

उल्लूरिअ वि [**तुडित**] विनाशित, "उल्लूरिअपहिअसत्थेसु" (णमि १० ; पाअ)।

उल्लूह वि [**दे**] शुष्क, सूखा "उल्लूहं च नलवणं हरियं जायं" (ओघ ४४६ टी)।

उल्लेत्ता देखो **उल्ल**=आर्द्रय्।

उल्लेव पुं [**दे**] हास्य, हाँसी ; (दे १, १०२)।

उल्लेहड वि [**दे**] लम्पट, लुब्ध; (दे १, १०४; पाअ)।

उल्लोइय न [**दे**] १ पोतना, भीत को चना वगैरः से सफेद करना; (औप)। २ वि. पोता हुआ; (गाया १, १; सम १३७)।

उल्लोक वि [**दे**] त्रुटित, छिन्न ; (षड्)।

उल्लोच पुं [**दे. उल्लोच**] चन्द्रातप, चाँदनी ; (दे १, ६८; सुर १२, १; उप १०७)।

उल्लोय पुं [**उल्लोक**] १ अगासी, छत ; (गाया १, १ ; कप्प ; भग)। २ थोड़ी देर, थोडा विलम्ब ; (राज)।

उल्लोय देखो **उल्लोच** ; (सुर ३, ७० ; कुमा)।

उल्लोल अक [**उत्+लुल्**] लुठना, लेटना। वकृ—**उल्लोलंत** ; (निचू १७)।

उल्लोल पुं [**दे**] १ शत्रु, दुश्मन ; (दे १, ६६)। २ कोलाहल ; (पउम १६, ३६)।

उल्लोल पुं [**उल्लोल**] १ प्रबन्ध; "उद्देसे आसि णराहिवाण वियडा कहुल्लोला' (गउड)। २ उद्भट, उद्धत ; "तरुणजणविब्भमुल्लोलसागरे " (स ६७)। ३ वि. उत्सुक; "बहुसो घडंतविहडंतसइसुहासायसंगमुल्लोले।
हियए च्चेय समप्पंति चंचला वीइवावारा" (गउड)।

उल्लोव (अप) देखो **उल्लोच** ; (भवि)।

उल्हव सक [**वि+ध्मापय्**] ठंढा करना, आग को बुझाना। उल्हवइ ; (हे ४, ४१६)।

उल्हविय वि [**दे. विध्मापित**] बुझाया हुआ, शान्त किया हुआ ; (पउम २, ६६)।

उल्हसिअ वि [**दे**] उद्भट, उद्धत ; (दे १, ११६)।

उल्हा अक [**वि+ध्मा**] बुझ जाना। उल्हाइ ; (स २८३)।

उव अ [**उप**] निम्न लिखित अर्थों का सूचक अव्यय;—१ समीपता ; जैसे—'उवदंसिय' (पगण १)। २ सदृशता, तुल्यता ; (उत्त ३)। ३ समस्तपन ; (राय)। ४ एकवार ; ५ भीतर ; (आव ४)।

उवअंठ वि [**उपकण्ठ**] समीप का, आसन्न ; (गउड)।

उवइट्ठ वि [**उपदिष्ट**] कथित, प्रतिपादित, शिक्षित ; (ओघ १४ भा; पि १७३)।

ज्जइ समीवमाणिज्जए'' (विसे २०३६)। ''जगणं हलकुलिआईहिं खेताइं उवक्कमिज्जंति से तं खेत्तोवक्कमे'' (अणु)। वकृ—**उवक्कमंत**; (विसे ३४१८)।

उवक्कम पुं [**उपक्रम**] १ आरम्भ, प्रारंभ; २ प्राप्ति का प्रयत्न ; 'साच्चा भगवओणुयासणं सच्चे तत्थ करेज्जुवक्कमं'' (सूत्र १,२,३,१४)। ३ कर्मों के फल का अनुभव; (सूत्र १,३; भग १,४)। ४ कर्मों को परिणति का कारण-भूत जीव का प्रयत्न-विशेष; (ठा ४, २)। ५ मरण, मौत, विनाश; ''हुज्ज इमम्मि समए उवक्कमो जीवियस्स जइ मज्झ'' (आउ १५ ; बृह ४)। ६ दूर स्थित को समीप में लाना; ''सत्थस्सोवक्कमणं उवक्कमो तेण तम्मि अ तओ वा सत्थसमीवीकरणं'' (विसे; अणु)। ७ आयुष्य-विघातक वस्तु; (ठा ४, २ ; स २८७)। ८ शस्त्र, हथियार ; ''भुस्साहारच्चेऊण उवक्कमेणं च परिणाए'' (धर्म २)। ९ उपचार; (स २०५)। १० ज्ञान, निश्चय; ११ अनुवर्तन, अनुकूल प्रवृत्ति; (विसे ९२९; ९३०)। १२ संस्कार, परिकर्म ; ''खेत्तोवक्कमे'' (अणु)।

उवक्कमण न [**उपक्रमण**] ऊपर देखो ; (अणु; उवर ४६; विसे ९११; ९१७; ९२१)।

उवक्कमिय वि [**औपक्रमिक**] उपक्रम से संबन्ध रखने वाला; (ठा २, ४ ; सम १४५ ; पगण ३५)।

उवक्काम देखो **उवक्कम**=उप+क्रम् । कर्म- -उवक्कामिज्जइ; (विसे २०३६)।

उवक्कामण देखो **उवक्कमण** ; (विसे २०५०)।

उवक्केस पुं [**उपक्लेश**] १ बाधा; २ शोक; (राज)।

उवक्खड सक [**उप+स्कृ**] १ पकाना, रसोई करना । २ पाक को मसाले से संस्कारित करना । उवक्खडइ, उवक्खडिंति; (पि ५५९)। संकृ—**उवक्खडेत्ता**; (आचा)। प्रयो—उवक्खडावेइ, उवक्खडाविंति; (पि ५५९; कप्प)। संकृ—**उवक्खडावेत्ता**; (पि ५५९)।

उवक्खड } वि [**उपस्कृत**] १ पकाया हुआ; २ मसाला
उवक्खडिय } वगैरः के संस्कार-युक्त पकाया हुआ; (निचू ८; पि ३०६; ५५९; उत्त १२, ११)। ३ पुंन. रसोई, पाक ''भणिया महाणसगणा जह अज्ज उवक्खडो न कायव्वो'' (उप ३५६ टी; ठा ४, २; णाया १, ८; ओघ ५४ भा)। °**म** वि [°**म**] पकाने पर भी जो कच्चा रह जाता है वह मुंग वगैरः अन्न-विशेष; ''उवक्खडामं णाम जहा चणयाईणं उवक्खडियाणं जे ण सिज्झंति ते कंकडुयामं उवक्खडियामं भण्णइ'' (निचू १५)।

उवक्खर पुं [**उपस्कर**] १ संस्कार ; २ जिससे संस्कार किया जाय वह ; (ठा ४, २)।

उवक्खरण न [**उपस्करण**] ऊपर देखो। °**साला** स्त्री [°**शाला**] रसोई-घर, पाक-गृह ; (निचू ६)।

उवक्खाइया स्त्री [**उपख्यायिका**] उपकथा, अवान्तर कथा; (सम ११६)।

उवक्खाण न [**उपाख्यान**] उपाख्यान, कथा ; (पउम ३३, १४९)।

उवक्खित्त वि [**उपक्षिप्त**] प्रारब्ध, शुरू किया हुआ; (मुद्रा ६३)।

उवक्खिव सक [**उप+क्षिप्**] १ स्थापन करना । २ प्रयत्न करना । ३ प्रारंभ करना । उवक्खिव ; (पि ३१९)।

उवक्खेअ पुं [**उपक्षेप**] १ प्रयत्न, उद्योग ; २ उपाय ; ''ण भणामि तस्सिं साहणिज्जे किदो उवक्खेओ'' (मा ३९)।

उवग वि [**उपग**] १ अनुसरण करने वाला ; (उप २४३; ओप)। २ समीप में जाने वाला ; (विसे २५६५)।

उवगच्छ सक[**उप + गम्**] १ समीप में आना। २ प्राप्त करना। ३ जानना। ४ स्वीकार करना । उवगच्छइ; (उव; स २३७)। उवगच्छंति; (पि ५८२)। संकृ—**उवगच्छिऊण**; (स ४४)।

उवगणिय वि [**उपगणित**] गिना हुआ, संख्यात, परिगणित; (स ४६१)।

उवगम देखो **उवगच्छ**। संकृ—**उवगम्म** ; (विसे ३१९९)। हेकृ—**उवगंतुं** ; (निचू १९)।

उवगय वि [**उपगत**] १ पास आया हुआ ; (से १, १६ ; गा ३२१)। २ ज्ञात, जाना हुआ ; (सम ८८;उप पृ ५९ ; सार्ध १४४)। ३ युक्त, सहित; (राय)। ४ प्राप्त ; (भग)। ५ प्रकर्ष-प्राप्त ; (सम्म १)। ६ स्वीकृत ; '' अज्झप्पबद्धमूला, अगणेहि वि उवगया किरिया '' (उवर ५५)। ७ अन्तर्भूत, अन्तर्गत ;
''जं च महाकप्पसुयं, जाणि अ सेसाणि छेअसुयाणि ।
चरणकरणाणुओगो त्ति कालियत्थे उवगयाणि''
(विसे २२९५)।

उवगय वि [**उपकृत**] जिस पर उपकार किया गया हो वह ; (स २०१)।

उवगर सक [**उप+कृ**] हित करना। उवगरेमि; (स २०६)।

उवगरण न [**उपकरण**] १ साधन, सामग्री, साधक वस्तु; (ओघ ६६६)। २ बाह्य इन्द्रिय-विशेष; (विसे ९९४)।

उवगस सक [**उप+कष्**] समीप आना, पास आना। संकृ —**उवगसित्ता** ; (सूअ १, ४)। वकृ—
"**उवगसंतं** भंपिता, पडिलोमाहिं वग्गुहिं।
भोगभोगे वियागेई, महामोहं पकुव्वइ" (सम ५०)।

उवगा सक [**उप+गै**] वर्णन करना, श्लाघा करना, गुण-गान करना। कवकृ-**उवगाइज्जमाण**, **उवगिज्जमाण**, **उवगीयमाण** ; (राय ; भग ६, ३३; स ६३)।

उवगार देखो **उवयार**=उपकार ; (सुर २, ४३)।

उवगारग वि [**उपकारक**] उपकार करने वाला ; (स ३२१)।

उवगारि वि [**उपकारिन्**] ऊपर देखो; (सुर ७, १६७)।

उवगिअ न [**उपकृत**] १ उपकार; २ वि. जिस पर उपकार किया गया हो वह; (स ६३६)।

उवगिज्जमाण देखो **उवगा**।

उवगिण्ह सक [**उप+ग्रह्**] १ उपकार करना। २ पुष्टि करना। ३ ग्रहण करना। उवगिण्हह ; (पि ५१२)।

उवगीय वि [**उपगीत**] १ वर्णित, श्लाघित। २ न. संगीत, गीत, गान; "वाइयमुवगीयं नट्टमवि सुयं दिट्ठं चिट्टमुत्ति-करं" (सार्ध १०८)।

उवगीयमाण देखो **उवगा**।

उवगूढ वि [**उपगूढ**] १ आलिङ्गित ; (गा ३५१; स ४४८)। २ न. आलिंगन ; (राज)।

उवगूह सक [**उप+गुह्**] १ आलिंगन करना। २ गुप्त रीति से रक्षण करना। ३ रचना करना, बनाना। कवकृ— **उवगूहिज्जमाण** ; (णाया १, १ ; औप)।

उवगूहण न [**उपगूहन**] १ आलिंगन ; २ प्रच्छन्न-रक्षण; ३ रचना, निर्माण ; "आरुहणणाटणेहिं वालयउवगूहणेहिं च" (तंदु)।

उवगूहिय वि [**उपगूढ**] आलिंगित ; (आवम)।

उवग्ग न [**उपाग्र**] १ अग्र के समीप। २ आषाढ़ मास "एसो चिय कालो पुणरव गणं उवग्गम्मि" (वव १)।

उवग्गह पुं [**उपग्रह**] १ पुष्टि, पोषण ; (विसे १८५०)। २ उपकार; (उप ५६७ टी; स १५४)। ३ ग्रहण, उपादान; (ओघ २१२ भा)। ४ उपधि, उपकरण, साधन ; (ओघ ६६६)।

उवग्गहिअ वि [**उपगृहीत**] १ उपस्थापित ; (पगण २३)। २ आलिंगनादि चेष्टा ; " उवहसिएहिं उवग्गहिएहिं उवसद्देहिं " (तंदु)। ३ उपकृत ; (स १५६)। ४ उपष्टम्भित ; (राज)।

उवग्गहिअ देखो **ओवग्गहिअ** ; (पंचव)।

उवग्गाहि वि [**उपग्राहिन्**] संबन्धी, संबन्ध रखने वाला ; (स ५२)।

उवग्घाय पुं [**उपोद्घात**] ग्रन्थ के आरम्भ का वक्तव्य, भूमि-का ; (विसे ६६२)।

उवघाइ वि [**उपघातिन्**] उपघात करने वाला ; (भास ८७ ; विसे २००८)।

उवघाइय वि [**उपघातिक**] १ उपघात-कारक ; (विसे २०-०६)। २ हिंसा से संबन्ध रखने वाला "भूओवघाइए" (औप)।

उवघाय पुं [**उपघात**] १ विराधना, आघात; (ओघ ७८८)। २ अशुद्धता ; (ठा ५)। ३ विनाश ; (कम्म १, ५४)। ४ उपद्रव; (तंदु)। ५ दूसरे का अशुभ-चिन्तन; (भास ५१)। °**नाम** न [°**नामन्**] कर्म-विशेष, जिसके उदय से जीव अपने ही शरीर के पडजीभ, चोरदन्त, रसौली आदि अवयवों से क्लेश पाता है वह कर्म ; (सम ६७)।

उवघायण न [**उपघातन**] ऊपर देखो ; (विसे २२३)।

उवचय पुं [**उपचय**] १ वृद्धि ; (भग ६, ३)। २ समूह; (पिंड २; ओघ ४०७)। ३ शरीर ; (आव ५)। ४ इन्द्रिय-पर्याप्ति ; (पगण १५)।

उवचयण न [**उपचयन**] १ वृद्धि ; २ परिपोषण, पुष्टि ; (राज)।

उवचर सक [**उप+चर्**] १ सेवा करना। २ समीप में घूमना-फिरना। ३ आरोप करना। ४ समीप में खाना। ५ उपद्रव करना। उवचरइ, उवचरए, उवचरामो, उवचरंति; (बृह १; पि ३४६; ४५५ ; आचा)।

उवचरिय वि [**उपचरित**] १ उपासित, सेवित, बहुमानित ; (स ३०)। २ न. उपचार, सेवा ; (पंचा ६)।

उवचि सक [**उप+चि**] १ इकट्ठा करना। २ पुष्ट करना। उवचिणइ, उवचिणाइ; उवचिणंति; भूका—उवचिणिंसु; भवि— उवचिणिस्संति ; (ठा २, ४ ; भग)। कर्म— उवचिज्जइ, उवचिज्जंति ; (भग)।

उवचिट्ठ सक [**उप+स्था**] उपस्थित होना, समीप आना। उवचिट्ठे, उवचिट्ठेज्जा ; (पि ४८२)।

उवचिय वि [**उपचित**] १ पुष्ट, पीन ; (पगह १, ४ ; कप्प)। २ स्थापित, निवेशित ; (कप्प; पगण २)। ३

उन्नति ; (औप) । ४ व्याप्त ; (अणु) । ५ वृद्ध, बढा हुआ ; (आचा) ।

उवच्छंदिद (शौ) वि [**उपच्छन्दित**] अभ्यर्थित ; (अभि १७३) ।

उवजंगल वि [**दे**] दीर्घ, लम्बा ; (दे १, ११६) ।

उवजा अक [**उप + जन्**] उत्पन्न होना । उवजायइ; (विसे ३०२६) ।

उवजाइ स्त्री [**उपजाति**] छन्द-विशेष ; (पिंग) ।

उवजाइय देखो **उवयाइय**; (श्राद्ध १६; सुपा ३५४) ।

उवजाय वि [**उपजात**] उत्पन्न; (सुपा ६००) ।

उवजीव सक [**उप+जीव्**] आश्रय लेना । उवजीवइ; (महा) ।

उवजीवग वि [**उपजीवक**] आश्रित; (सुपा ११६) ।

उवजीवि वि [**उपजीविन्**] १ आश्रय लेने वाला ; "न करेइ नेय पुच्छइ निद्धम्मा लिंगमुवजीवी" (उव) । २ उपकारक ; (विसे २८८६) ।

उवजोइय वि [**उपज्योतिष्क**] १ अग्नि के समीप में रहने वाला; २ पाक-स्थान में स्थित; "के इत्थ खत्ता उवजोइया वा अज्झावया वा सह खंडिएहिं" (उत्त १२, १८) ।

उवज्जण न [**उपार्जन**] पैदा करना, कमाना; (सुर ८, १४४)।

उवज्जिण सक [**उप+अर्ज्**] उपार्जन करना । उवज्जिणेमि; (स ४४३) ।

उवज्झय } **उवज्झाय** } पुं [**उपाध्याय**] १ अध्यापक, पढ़ाने वाला ; (पउम ३६, ६० ; षड्) । २ सूत्राध्यापक जैन मुनि को दी जाती एक पदवी ; (विसे) ।

उवज्झिय वि [**दे**] आकारित, बुलाया हुआ ; (राज) ।

उवट्टण देखो **उव्वट्टण** ; (राज) ।

उवट्टणा देखो **उव्वट्टणा** ; (भग; विसे २५१५ टी) ।

उवट्ठ वि [**उपस्थ**] एक ही स्थान में सतत अवस्थित ; (वव ४) । °**काल** पुं [°**काल**] आने की वेला, अभ्यागम समय ; (वव ४) ।

उवट्ठंभ पुं [**उपष्टम्भ**] १ अवस्थान ; (भग) । २ अनुकम्पा, करुणा ; (ठा २) ।

उवट्ठप्प वि [**उपस्थाप्य**] १ उपस्थित करने योग्य ; २ व्रत—दीक्षा के योग्य "वियत्तकिच्चे सेहे य उवट्ठप्पा य आहिया" (बृह ६) ।

उवट्ठव सक [**उप+स्थापय्**] १ उपस्थित करना । २ व्रतों का आरोपण करना, दीक्षा देना । उवट्ठवेइ, उवट्ठवेह ; (महा; उवा) । हेकृ—**उवट्ठवेत्तए**; (बृह ४) ।

उवट्ठवणा स्त्री [**उपस्थापना**] १ चारित्र-विशेष, एक प्रकार की जैन दीक्षा ; (धर्म २) । २ शिष्य में व्रत की स्थापना ; "वयट्ठवणमुवट्ठवणा" (पंचभा) ।

उवट्ठवणीय वि [**उपस्थापनीय**] देखो **उवट्ठप्प**; (ठा ३) ।

उवट्ठा सक [**उप+स्था**] उपस्थित होना । उवट्ठाएज्जा ; (भग) ।

उवट्ठाण न [**उपस्थान**] १ बैठना, उपवेशन ; (णाया १, १) । २ व्रत-स्थापन ; (महानि ७) । ३ एक ही स्थान में विशेष काल तक रहना ; (वव ४) । °**दोस** पुं [°**दोष**] नित्यवास दोष; (वव ४) । °**साला** स्त्री [°**शाला**] आस्थान-मण्डप, सभा-स्थान ; (णाया १, १ ; निर १, १) ।

उवट्ठाणा स्त्री [**उपस्थाना**] जिसमें जैन साधु-लोक एक वार ठहर कर फिर भी शास्त्र-निषिद्ध अवधि के पहले ही आकर ठहरे वह स्थान ; (वव ४) ।

उवट्ठाव देखो **उवट्ठव** । उवट्ठावेहि; (पि ४६८)। हेकृ — **उवट्ठावित्तए, उवट्ठावेत्तए** ; (ठा) ।

उवट्ठावणा देखो **उवट्ठवणा** ; (बृह ६) ।

उवट्ठिय वि [**उपस्थित**] १ प्राप्त ; " जणवादमुवट्ठिओ" (उत्त १२) । २ समीप-स्थित; (आव १०) । ३ तय्यार, उद्यत ; (धर्म ३) । ४ आश्रित ; " निम्ममत्तमुवट्ठिओ" (आउ; सूअ १, २) । ५ मुमुक्षु, प्रव्रज्या लेने को तय्यार ; " उवट्ठियं पडिरयं, संजयं सुतवस्सियं ।
वुक्कम्म धम्माओ भंसेइ, महामोहं पकुव्वइ " (सम ५१) ।

उवडहित्तु वि [**उपदाहयितृ**] जलाने वाला "अगणिकाएणं कायमुवडहित्ता भवइ" (सूअ २, २) ।

उवडिअ वि [**दे**] अवनत, नमा हुआ ; (षड्) ।

उवणगर न [**उपनगर**] उपपुर, शाखा-नगर ; (औप) ।

उवणच्च सक [**उप + नर्त्तय्**] नचाना, नाच कराना । कवकृ—**उवणच्चिज्जमाण** ; (औप) ।

उवणद्ध वि [**उपनद्ध**] घटित ; (उत्तर ६१) ।

उवणम सक [**उप + नम्**] १ उपस्थित करना, ला रखना । २ प्राप्त करना । उवणमइ ; (महा) । वकृ—**उवणमंत** ; (उप १३६ टी ; सूअ १, २) ।

उवणमिय वि [**उपनमित**] उपस्थापित ; (सण) ।

उवणय वि [**उपनत**] उपस्थित ; (से १, ३६) ।

उवणय पुं [**उपनय**] १ उपसंहार, दृष्टान्त के अर्थ को प्रकृत में जोड़ना, हेतु का पक्ष में उपसंहार ; (पव ६६; ओघ ४४

मा)। २ स्तुति, श्लाघा; (विसे १४०३ टी; पव १४१)। ३ अवान्तर नय ; (राज)। ४ संस्कार-विशेष, उपनयन; (स २७२)।

उवणयण न [**उपनयन**] उपवीत-संस्कार, यज्ञ-सूत्र धारण संस्कार ; (पण्ह १, २)।

उवणिअ देखो **उवणीय** ; (से ४, ५५)।

उवणिक्खित्त वि [**उपनिक्षिप्त**] व्यवस्थापित; (आचा २)।

उवणिक्खेव पुं [**उपनिक्षेप**] धरोहर, रक्षा के लिए दूसरे के पास रखा धन ; (वव ४)।

उवणिग्गम पुं [**उपनिर्गम**] १ द्वार, दरवाजा। (से १२, ६८)। २ उपवन, बगीचा ; (गउड)।

उवणिग्गय वि [**उपनिर्गत**] समीप में निकला हुआ ; (ओप)।

उवणिज्जंत देखो **उवणी**।

उवणिमंत सक [**उपनि+मन्त्रय्**] निमन्त्रण देना। भवि—उवणिमंतहिंति ; (ओप)। संकृ—**उवणिमंतिऊण** ; (स २०)।

उवणिमंतण न [**उपनिमन्त्रण**] निमन्त्रण ; (भग ८, ६)।

उवणिविट्ठ वि [**उपनिविष्ट**] समीप-स्थित ; (राय)।

उवणिसआ स्त्री [**उपनिषत्**] वेदान्त-शास्त्र, वेदान्त-रहस्य, ब्रह्म-विद्या ; (अच्चु ८)।

उवणिहा स्त्री [**उपनिधा**] मार्गण, मार्गणा ; (पंचसं)।

उवणिहि पुंस्त्री [**उपनिधि**] १ समीप में आनीत ; (ठा ५)। २ विरचना, निर्माण ; (अणु)।

उवणिहिय वि [**उपनिहित**] १ समीप में स्थापित ; २ आसन्न-स्थित; (सूअ २, २)। °**य** पुं [°**क**] नियम-विशेष को धारण करने वाला भिक्षु ; (सूअ २, २)।

उवणी सक [**उप+नी**] १ समीप में लाना, उपस्थित करना। २ अर्पण करना। ३ इकट्ठा करना। उवणेंति ; (उवा)। उवणेमो; भवि—उवणेहिइ ; (पि ४५५; ४७४ ; ५२१) कवकृ —**उवणिज्जंत** ; (से ११, ५३)। संकृ —“ से भिक्खुणो **उवणेत्ता** अणेगे” (सूअ २, ६, १)।

उवणीय वि [**उपनीत**] १ समीप में लाया हुआ ; (पाअ; महा)। २ अर्पित, उपढौकित ; (ओप)। ३ उपनय-युक्त, उपसंहृति; (विसे ६६६ टी; अणु)। ४ प्रशस्त, श्लाघित; (आचा २)। °**चरय** पुं [°**चरक**] अभिग्रह-विशेष को धारण करने वाला साधु; (ओप)।

उवण्णत्थ वि [**उपन्यस्त**] उपन्यस्त, उपढौकित; “गुव्विणीए उवण्णत्थं विविहं पाणभोअणं। भुंजमाणं विवज्जिज्जा ” (दस ५, ३६)।

उवण्णास पुं [**उपन्यास**] १ वाक्योपक्रम, प्रस्तावना; (ठा ४)। २ दृष्टान्त-विशेष ; (दस १)। ३ रचना ; (अभि ६८)। ४ छल-प्रयोग ; (प्रयौ २२)।

उवतल न [**उपतल**] हस्त-तल की चारों ओर का पार्श्व-भाग ; (निचू १)।

उवताव पुं [**उपताप**] संताप, पीडा ; (सूअ १, ३)।

उवताविय वि [**उपतापित**] १ पीडित ; २ तप्त किया हुआ, गरम कया हुआ; (सुर ३, २२६ ; सण)।

उवत्त वि [**उपात्त**] गृहीत ; (पउम २६, ४६ ; सुर १४, १६०)।

उवत्थड वि [**उपस्तृत**] ऊपर २ आच्छादित; (भग)।

उवत्थाणा देखो **उवट्ठाणा** ; (पि ३४१)।

उवत्थिय देखो **उवट्ठिय** ; (सम १७)।

उवत्थु सक [**उप+स्तु**] स्तुति करना, श्लाघा करना। उवत्थुणंति ; (पि ४९४)। उवत्थुवंदि (शौ) ; (उत्तर २२)।

उवदंस सक [**उप+दर्शय्**] दिखलाना, बतलाना। उवदंसइ; (कप्प ; महा)। उवदंसमि ; (विपा १, १)। भवि—उवदंसिस्सामि ; (महा)। वकृ —**उवदंसेमाण**; (उवा)। कवकृ —**उवदंसिज्जमाण** ; (णाया १, १३) संकृ —**उवदंसिय** ; (आचा २)।

उवदंस पुं [**उपदंश**] १ रोग-विशेष, गर्मी, सुजाक। २ अवलेह, चाटना ; (चारु ६)।

उवदंसण न [**उपदर्शन**] दिखलाना; (सण)। °**कूड** पुं [°**कूट**] नीलवंत-नामक पर्वत का एक शिखर ; (ठा २, ३)।

उवदंसिय वि [**उपदर्शित**] दिखलाया हुआ ; (सुपा ३११)।

उवदंसिर वि [**उपदर्शिन्**] दिखलाने वाला ; (सण)।

उवदंसेत्तु वि [**उपदर्शयितृ**] दिखलाने वाला; (पि ३६०)।

उवदव पुं [**उपद्रव**] ऊधम, बखेड़ा ; (महा)।

उवदा स्त्री [**उपदा**] भेंट, उपहार ; (रंभा)।

उवदाई स्त्री [**उदकदायिका**] पानी देने वाली “पाउवदाइं च ण्हाणोवदाइं च बाहिरपेसणकारिं ठवेंति ” (णाया १, ७)।

उवदाण न [**उपदान**] भेंट, नजराना ; (भवि)।

उवदिस सक [उप+दिश्] उपदेश देना। उवदिसइ ; (कप्प)।

उवदीव न [दे] द्वीपान्तर, अन्य द्वीप ; (दे १, १०६)।

उवदेसग वि [उपदेशक] व्याख्याता ; (ओघ)।

उवदेसणया देखो **उवएसणया** ; (विसे २९१६)।

उवदेसि वि [उपदेशिन्] उपदेशक ; (चारु ४)।

उवदेही स्त्री [उपदेहिका] क्षुद्र जन्तु-विशेष, दिमक; (दे १, ६३)।

उवद्दव सक [उप+द्रु] उपद्रव करना, ऊधम मचाना। भवि—उवद्दविस्सइ ; (महा)।

उवद्दव देखो **उवदव** ; (ठा ५)।

उवद्दवण न [उपद्रवण] उपद्रव करना, उपसर्ग करना ; (धर्म ३)।

उवद्दविय वि [उपद्रुत] पीडित, भय-भीत किया हुआ; (आव ४; विवे ७६)।

उवद्दुअ वि [उपद्रुत] हैरान किया हुआ; (भत १०५)।

उवधारणया स्त्री [उपधारणा] धारणा, धारण करना ; (ठा ८)।

उवधारिय वि [उपधारित] धारण किया हुआ : (भग)।

उवनंद पुं [उपनन्द] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि; (कप्प)।

उवनंद सक [उप+नन्द्] अभिनन्दन करना। कवकृ —**उवनंदिज्जमाण** ; (कप्प)।

उवनयर देखो **उवणयर** ; (सुपा ३४१)।

उवनिक्खित्त देखो **उवणिक्खित्त** ; (कस)।

उवनिक्खेव सक [उपनि+क्षेपय्] १ धरोहर रखना। २ स्थापन करना। कृ—**उवनिक्खेवियव्व** ; (कस)।

उवनिग्गय देखो **उवणिग्गय**; (णाया १, १)।

उवनिबंधण न [उपनिबन्धन] १ संबन्ध; २ वि. संबन्ध-हेतु ; (विसे १६३६)।

उवनिमंत देखो **उवणिमंत**। उवनिमंतेइ, उवनिमंतेमि ; (कस; उवा)।

उवनिहिय वि [औपनिधिक] देखो **उवणिहिय**; (पगह २, १)।

उवन्नत्थ वि [उपन्यस्त] स्थापित ; (स ३१०)।

उवप्पदाण, **उवप्पयाण** न [उपप्रदान] नीति-विशेष, दाम-नीति, अभिमत अर्थ का दान; (विपा १, ३; णाया १, १)।

उवप्पुय वि [उपप्लुत] उपद्रुत, भय से व्याप्त; (राज)।

उवभुंज सक [उप+भुज्] उपभोग करना, काम में लाना। उवभुंजइ ; (षड्)। वकृ—**उवभुंजंत**; (उप पृ १८०)। कवकृ --**उवहुज्जंत, उवभुज्जंत**; (से २, १०; सुर ८, १६१)। संकृ—**उवभुंजिऊण**; (महा)।

उवभुंजण न [उपभोजन] उपभोग ; (सुपा १६)।

उवभुत्त वि [उपभुक्त] १ जिसका उपभोग किया हो वह ; (वव ३)। २ अधिकृत ; (उप पृ १२४)।

उवभोअ, **उवभोग** पुं [उपभोग] १ भोजनातिरिक्त भोग, जिसका फिर २ भोग किया जाय वैसे वस्त्र-गृहादि; "उवभोगो उ पुणो पुणो उवभुज्जइ भवणवलयाई" (उत ३३ ; अभि ३१)। २ जिसका एक वार भोग किया जाय वह, अशन-पान वगैरः ; (भग ७, २ ; पडि)।

उवभोग्ग, **उवभोज्ज** वि [उपभोग्य] उपभोग-योग्य; (राज ; बृह ३)।

उवमा स्त्री [उपमा] १ सादृश्य, दृष्टान्त; (अणु; उर; प्रास १२०)। २ स्वनाम-ख्यात एक इन्द्राणी ; (ठा ८)। ३ खाद्य-पदार्थ विशेष; (जीव ३)। ४ 'प्रश्नव्याकरण' सूत्र का एक लुप्त अध्ययन ; (ठा १०)। ५ अलङ्कार-विशेष; (विसे ६६६ टी)। ६ प्रमाण विशेष, उपमान-प्रमाण ; (विसे ४७०)।

उवमाण न [उपमान] १ दृष्टान्त, सादृश्य ; २ जिस पदार्थ में उपमा दी जाय वह; (दसनि १)। ३ प्रमाण-विशेष ; (सम्र १, १२)।

उवमालिय वि [उपमालित] विभूषित, सुशोभित ;

> " अमलामयपडिपुन्नं, कुवलयमालोवमालियमुहं च।
> कणयमयपुगणकलसं, विलसंतं पासए पुरओ"
> (सुपा ३४)।

उवमिय वि [उपमित] १ जिसको उपमा दी गई हो वह ; २ जिसको उपमा दी गई हो वह; (आवम)। ३ न. उपमा, सादृश्य ; (विसे ६८५)।

उवमेअ वि [उपमेय] उपमा के योग्य ; (से ७३)।

उवय पुं [दे] हाथी को पकड़नेका खड्डा ; (पाअ)।

उवय देखो **ओवय**। वकृ-- **उवयंत** ; (कप्प)।

उवय (अप) देखो **उदय** ; (भवि)।

उवयर सक [उप+कृ] उपकार करना, हित करना। उवयरेइ; (सण)। कृ—**उवयरियव्व** ; (सुपा ५६४)।

उवयर सक [उप+चर्] १ आरोप करना। २ भक्ति करना। ३ कल्पना करना। ४ चिकित्सा करना। कवकृ—**उवयरिज्जंत**'; (सुपा ५७)।

उवयरण न [**उपकरण**] साधन, सामग्री ; "माए घरोवअरणं अज्ज हु णत्थि त्ति साहिअं तुमए" (काप्र २६; गउड)। २ उपकार ; (सत्त ४१ टी)।

उवयरिय वि [**उपकृत**] १ उपकृत ; २ उपकार ; (वज्जा १०)।

उवयरिय वि [**उपचरित**] आरोपित ; (विसे २८३)।

उवयरिया स्त्री [**उपचरिका**] दासी ; (उप पृ ३८७)।

उवया सक [**उप+या**] समीप में जाना। उवयाइ ; (सूअ १, ४, १, २७)। उवयंति ; (विसे १४६)।

उवयाइय वि [**उपयाचित**] १ प्रार्थित, अभ्यर्थित। २ न. मनौती, किसी काम के पूरा होने पर किसी देवता की विशेष आराधना करने का मानसिक संकल्प ; (ठा १० ; णाया १, ८)।

उवयाण न [**उपयान**] समीप में गमन; (सूअ १, २)।

उवयार पुं [**उपकार**] भलाई, हित ; (उव ; गउड ; वज्जा ५८)।

उवयार पुं [**उपचार**] १ पूजा, सेवा ; आदर, भक्ति ; (स ३२ ; प्रति ४)। २ चिकित्सा, शुश्रूषा ; (पंचा ६)। ३ लक्षणा, शब्द-शक्ति-विशेष, अध्यारोप; "जो तेसु धम्मसद्दो सो उवयारेण, निच्छएण इहं" (दसनि १)। ४ व्यवहार ; " णिउणजुत्तोवयारकुसला " (विपा १, २)। ५ कल्पना ; " उवयारओ खित्तस्स विणिगमणं सव्वओ नत्थि " (विसे)। ६ आदेश ; (आवम)।

उवयारग वि [**उपचारक**] सेवा-शुश्रूषा करने वाला ; (निचू ११)।

उवयारण नं [**उपकारण**] अन्य-द्वारा उपकार करना ; " उवयारणपारणासु विणओ पउंजियव्वो" (पराह २, ३)।

उवयारय वि [**उपकारक**] उपकार करने वाला ; (धम्म ८ टी)।

उवयारि वि [**उपकारिन्**] उपकारक ; (स २०८; विक २३ ; विवे ७६)।

उवयारिअ वि [**औपचारिक**] उपचार से संबन्ध रखने वाला ; (उवर ३४)।

उवयालि पुं [**उपजालि**] १ एक अन्तकृद् मुनि, जो वसुदेव का पुत्र था और जिसने भगवान् श्रीनेमिनाथजी के पास दीक्षा लेकर शत्रुञ्जय पर मुक्ति पाई थी; (अंत १४)। २ राजा श्रेणिक का इस नाम का एक पुत्र, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर-विमान में देव-गति प्राप्त की थी; (अनु १)।

उवरइ स्त्री [**उपरति**] विराम, निवृत्ति ; (विसे २१७७; २६४० ; सम ४४)।

उवरंज सक [**उप+रञ्ज्**] ग्रस्त करना। कर्म—उवरज्जदि (शौ); (मुद्रा ५८)।

उवरग पुंन [**उपरक**] सब से ऊपर का कमरा, अटारी, अट्टालिका; "उवरगपविट्ठाए कणगमंजरीए निरूवणत्थं दारदेसट्ठिएण दिट्ठं नं पुव्ववणिणयचेट्ठियं" (महा)।

उवरत्त वि [**उपरक्त**] १ अनुरक्त, राग-युक्त ; "कुमरगुणेसुवरत्ता" (सुपा २५६)। २ राहु से ग्रसित ; (पण्ह)। ३ म्लान ; (स ४७३)।

उवरम अक [**उप+रम्**] निवृत्त होना, विरत होना। " भो उवरमसु एयाओ असुभज्भवसाणाओ" (महा)।

उवरम पुं [**उपरम**] १ निवृत्ति, विराम ; (उप पृ ६३)। २ नाश ; (विसे ६२)।

उवरय वि [**उपरत**] १ विरत, निवृत्त ; (आचा ; सुपा ५०८)। २ मृत ; (स १०४)।

उवरय देखो **उवरग** ; " उवरयगया दारं पिहिऊण किंपि मुणमुणंती चिट्ठइ" (महा)।

उवरल (अप) देखो **उव्वरिय (दे)** ; (पिंग)।

उवराग } पुं [**उपराग**] सूर्य वा चन्द्र का ग्रहण, राहु-ग्रहण;
उवराय } (पण्ह, १, २ ; से ३, ३६ ; गउड)।

उपराय पुं [**उपरात्र**] दिन, ' राओवरायं अपडिन्ने अन्नगिलायं एगया भुंजे" (आचा)।

उवरि अ [**उपरि**] ऊपर, ऊर्ध्व; (उव)। °**भासा** स्त्री [°**भाषा**] गुरु के बोलने के अनन्तर ही विशेष बोलना ; (पडि)। °**म**, °**मग**, °**मय**, **ल्ल** दि [°**तन**] ऊपर का ऊर्ध्व स्थित ; (सम ४३; सुपा ३५; भग; हे २, १६३; सम २२; ८६)। °**हुत्त** वि [°**अभिमुख**] ऊपर की तरफ; (सुपा २६६)।

उवरिं ऊपर देखो ; (कुमा)।

उवरुंध सक [**उप+रुध्**] १ अटकाव करना, रोकना। २ अड़चन डालना। ३ प्रतिबन्ध करना। कर्म—उवरुज्झइ, उवरुंधिज्जइ ; (हे ४, २४८)।

उवरुद्द पुं [**उपरुद्र**] नरक के जीवों को दुःख देने वाले परमाधार्मिक देवों की एक जाति ; "रुद्दोवरुद्द काले अ, महाकाले ति यावरे " (सम २८) ।

" भंजंति अंगमंगाणि, ऊरुबाहुसिराणि कर-चरणा ।
कप्पेंति कप्पणीहिं, उवरुद्दा पावकम्मरया "
(सुअ १, ५) ।

उवरुद्ध वि [**उपरुद्ध**] १ रचित । २ प्रतिरुद्ध, अवरुद्ध; "पासत्थपमुहचोरेवरुद्धपणभव्वसत्थाणं " (सार्ध ६८ ; उप पृ ३८५) ।

उवरोह पुं [**उपरोध**] १ अड़चन, बाधा; (विसे १४१३; स ३१६) ; "भूओवरोहरहिए" (आव ४) । २ अटकाव, प्रतिबन्ध ; (बृह १; स १५) । ३ घेरा, नगर आदि का सैन्य द्वारा वेष्टन; "उवरोहभया कीरइ सप्परिखं पुरवरस्स पागारो" (बृह ३) । ४ निर्बन्ध, आग्रह; (स ४५७) ।

उवरोहि वि [**उपरोधिन्**] उपरोध करने वाला; (आव ४)।

उवल पुं [**उपल**] १ पाषाण, पत्थर ; (प्राप्र १७५) । २ टाँकी वगैरः को संस्कृत करने वाला पाषाण-विशेष; (पण्ण १) ।

उवलम्बण पुं [**उपलम्बन**] साँकल वाला एक प्रकार का दीपक ; (अनु) ।

उवलंभ सक [**उप+लभ्**] १ प्राप्त करना । २ जानना । ३ उलहना देना । कर्म —उवलंभिज्जइ ; (पि ५४१) । वकृ — **उवलंभेमाण** ; (णाया १, १८) ।

उवलंभ पुं [**उपलम्भ**] १ लाभ, प्राप्ति ; (सुपा ६) । २ ज्ञान ; (स ६५१) । ३ उलहना; "एवं बहूवलंभे" (उप ६४८ टी) ।

उवलंभणा स्त्री [**उपलम्भना**] उलहना; "धण्णं सत्थवाहं बहूहिं खिज्जणाहि य रुंटणाहि य उवलंभणाहि य खिज्जमाणा य रुंटमाणा य उवलंभेमाणा य धण्णस्स एयमट्ठं णिवेदेंति " (णाया १, १८) ।

उवलक्ख सक [**उप + लक्षय्**] जानना, पहिचानना । उवलक्खेइ ; (महा) । संकृ—**उवलक्खेऊण**; (महा) । कृ—**उवलक्खिवज्ज** ; (उप पृ ८७) ।

उवलक्खण न [**उपलक्षण**] १ पहिचान; (सुपा ६१) । २ अन्यार्थ-बोधक संकेत ; (श्रा ३०) ।

उवलक्खिअ वि [**उपलक्षित**] १ पहिचाना हुआ, परिचित; (श्रा १२) ।

उवलग्ग वि [**उपलग्न**] लगा हुआ, लग्न; "पउमिणिपत्तोवलग्गजलबिंदुनिचयचित्तं" (कप्प; भवि) ।

उवलद्ध वि [**उपलब्ध**] १ प्राप्त ; २ विज्ञात ; " जइ सव्वं उवलद्धं, जइ अप्पा भाविओ उवसमेण" (उव ; णाया १. १३ ; १४) । ३ उपालब्ध, जिसको उलहना दिया गया हो वह ; (उप ७२८ टी) ।

उवलद्धि स्त्री [**उपलब्धि**] १ प्राप्ति, लाभ ; २ ज्ञान ; (विसे २०६) ।

उवलद्धु वि [**उपलब्धृ**] ग्रहण करने वाला, जानने वाला ; (विसे ६२) ।

उवलभ देखो **उवलंभ**=उप + लभ् । वकृ—**उवलभंत**; (पि ४५७) । संकृ –**उवलब्भ** ; (पि ५९०) ।

उवलभत्ता ⎫ स्त्री [**दे**] वलय, कङ्गन ; (दे १, १२०) ।
उवलयभग्गा ⎭

उवलल अक [**उप + लल्**] क्रीड़ा करना, विलास करना । वकृ—**उवलवलंत** ; (महा) । प्रयो, वकृ –**उवलालिज्जमाण** ; (णाया १, १) ।

उवललय न [**दे**] सुरत, मैथुन : (दे १, ११७) ।

उवललिय न [**उपललित**] क्रीडा-विशेष; (णाया १. ६)।

उवलह देखो **उवलंभ**=उप+लभ् । संकृ—**उवलहिय** ; (स ३२) ; **उवलहिऊण** ; (स ६१०) ।

उवला सक [**उप + ला**] १ ग्रहण करना । २ आश्रय करना । हेकृ –**उवलाउं**; (वव १) ।

उवलि देखो **उवल्लि** । उवलिइज्जा ; (आचा २, ३, १, २) ।

उवलिंप सक [**उप + लिप्**] लीपना, पोतना । भवि— उवलिंपिहिइ ; (पि ५४६)।

उवलित्त वि [**उपलिप्त**] लीपा हुआ, पोता हुआ ; (णाया १, १) ।

उवलीण देखो **उवल्लीण** ।

उवल्लुअ वि [**दे**] सलज्ज, लज्जा-युक्त ; (दे १, १०७) ।

उवलेव पुं [**उपलेप**] १ लेपना । २ कर्म-बन्ध; (औप) । ३ संश्लेष ; (आचा) । ४ आश्लेष; (सूअ १, १, २) ।

उवलेवण न [**उपलेपन**] ऊपर देखो ; (भग ११, ६ ; निचू १ ; औप) ।

उवलेविय वि [**उपलेपित**] लीपा हुआ, पोता हुआ ; (कप्प) ।

उवलोभ सक [उप+लोभय्] लालच देना, लोभ दिखाना। संकृ—**उवलोभेऊण**; (महा)।

उवलोहिय वि [उपलोभित] जिसको लालच दी गई हो वह; (उप ७२८ टी)।

उवल्लि सक [उप+ली] १ रहना, स्थिति करना। २ आश्रय करना। उवल्लियइ; (पि १९६; ४७४)। "तओ संजयामेव वासावासं उवल्लिइज्जा" (आचा २, ३,१, १:२)।

उवल्लीण वि [उपलीन] १ स्थित। २ प्रच्छन्न-स्थित; "उवल्लीणा मेहुणधम्मं विण्णवेंति" (आचा २)।

उववज्ज अक [उप+पद्] १ उत्पन्न होना। २ संगत होना, युक्त होना। उववज्जइ; भवि—उववज्जिहिइ; (भग; महा) वकृ—**उववज्जमाण**, (ठा ४)। संकृ—**उववज्जित्ता**; (भग १७, ६)। हेकृ—**उववज्जिउं**; (सूअ २, १)।

उववज्जण न [उपवर्जन] त्याग, "असमंजसोववज्जणमिह जायइ सव्वसंगचायाओ" (सुपा ४७१)।

उववज्जमाण देखो **उववाय**=उप+वादय्।

उववट्ट अक [उप+वृत्] च्युत होना, मरना, एक गति से दूसरी गति में जाना। उववट्टइ; (भग)। वकृ—**उववट्टमाण**; (भग)।

उववण न [उपवन] बगीचा; (गाया १, १; गउड)।

उववण्ण वि [उपपन्न] १ उत्पन्न; "उववण्णो माणुसम्मि लोगम्मि" (उत्त ६)। २ संगत, युक्त; (पंचा ६; उवर ४७)। ३ प्राप्त; "उववण्णो पावकम्मुणा" (उत्त १६)। ४ न. उत्पत्ति, जन्म; (भग १४,१)।

उववत्ति स्त्री [उपपत्ति] १ उत्पत्ति, जन्म; (ठा २)। २ युक्ति, न्याय; (पउम २, ११७; उवर ४६)। ३ विषय; ४ संभव; "विसउ त्ति वा संभउ त्ति वा उववत्ति त्ति वा एगट्ठा" (आचू १)।

उववत्तु वि [उपपत्तृ] उत्पन्न होने वाला, "देवलोगेसु देवत्ताए उववत्तारो भवंति" (औप; ठा ८)।

उववन्न देखो **उववण्ण**; (भग; ठा २, २; स १५८; १६२)।

उववयण न [उपपतन] देखो **उववाय**=उपपात; "उववयणं उववाओ" (पंचभा)।

उववसण न [उपवसन] उपवास; (सुपा ६१६)।

उववाइय वि [औपपादिक, औपपातिक] १ उत्पन्न होने वाला; "अत्थि मे आया उववाइए, नत्थि मे आया उववाइए" (आचा)। २ देवरूप या नारक रूप से उत्पन्न होने वाला; (पण्ह १, ४)।

उववाय पुं [उप+वादय] वाद्य बजाना। कवकृ—**उववज्जमाण, उववज्जमाण**; (कप्प; राज)।

उववाय पुं [उपपात] १ देव या नारक जीव की उत्पत्ति - जन्म; (कप्प)। २ सेवा, आदर; "आणाउववायवयणनिद्देसे चिट्ठंति" (भग ३, ३)। ३ विनय; ४ आज्ञा; 'उववाओ णिद्देसो आणा विणओ य होंति एगट्ठा" (वव ४)। ५ प्रादुर्भाव; (पण्ण १६)। ६ उपसंपादन, संप्राप्ति; (निचू ५)। °कप्प पुं [°कल्प] साध्वाचार-विशेष, पार्श्वस्थों के साथ रह कर संविग्न-विहार की संप्राप्ति; (पंचभा)। °य वि [°ज] देव या नारक गति में उत्पन्न जीव; (आचा)।

उववास पुंन [उपवास] उपवास, अनाहार, दिन-रात भोजनादि का अभाव; (उवा; महा)।

उववासि वि [उपवासिन्] जिसने उपवास किया हो वह (पउम ३३, ५१; सुपा ४७८)।

उववासिय वि [उपवासित] उपवास किया हुआ; (भवि)।

उवविट्ठ वि [उपविष्ट] बैठा हुआ, निषण्ण; (आवम)।

उवविणिग्गय वि [उपविनिर्गत] सतत निर्गत; (जीव३)।

उवविस अक [उप+विश्] बैठना। उवविसइ; (महा)। संकृ—**उवविसिअ**; (अभि ३८)।

उववीअ न [उपवीत] १ यज्ञसूत्र, जनेऊ; (गाया १, १६; गउड)। २ सहित, युक्त; "गुणसंपओववीओ" (विसे ३४११)।

उववीड अ [उपपीड] उपमर्दन; "सिविणोववीडं आलिंगणेण गाढं पीडिओ" (रंभा)।

उववूह सक [उप+बृंह्] १ पुष्ट करना। २ प्रशंसा करना, तारीफ करना। संकृ—**उववूहेऊण**; (दसनि ३)। कृ—**उववूहेयव्व**; (दसनि ३)।

उववूहण न [उपबृंहण] १ वृद्धि, पोषण; (पण्ह २, १)। २ प्रशंसा, श्लाघा; (पंचा २)।

उववूहा स्त्री [उपबृंहा] ऊपर देखो; "उववूह-थिरीकरणे वच्छल्लपभावणे अट्ठ" (पडि)।

उववूहणिय वि [उपबृंहणीय] पुष्टि-कर्ता; (निचू ८)। स्त्री. पट्ट-विशेष, राजा वगैरः के भोजन-समय में उपभोग में आने वाला पट्टा; (निचू ६)।

उववूहिय वि [**उपबृंहित**] १ वृद्धि को प्राप्त पुष्ट; (सं १५)। २ प्रशंसित ; (उप पृ ३८६) ।

उववूहिर वि [**उपबृंहिन्**] १ पोषक, पुष्टि-कारक ; २ प्रशंसक ; (सण) ।

उववेय वि [**उपेत**] युक्त, सहित ; (गाया १, १ ; औप वसु ; सुर १, ३४ ; विसे ६६६) ।

उवसंखा स्त्री [**उपसंख्या**] यथावस्थित पदार्थ-ज्ञान; (सूअ २, १६) ।

उवसंगह सक [**उपसं+ग्रह्**] उपकार करना। कर्म —उवसंगहिज्जइ ; (स १६१) ।

उवसंघर सक [**उपसं+हृ**] उपसंहार करना। उवसंघरमि; (भवि) ।

उवसंघरिय देखो **उवसंहरिय** ; (भवि) ।

उवसंघिय वि [**उपसंहृत**] जिसका उपसंहार किया गया हो वह, समापित ; (विसे १०११) ।

उवसंचि सक [**उपसं+चि**] संचय करना। संकृ—**उवसंचिवि** ; (सण) ।

उवसंठिय वि [**उपसंस्थित**] १ समीप में स्थित; २ उपस्थित ; (सण) ।

उवसंत वि [**उपशान्त**] १ क्रोधादि-विकार-रहित; (सूअ १, ६; धर्म ३) । २ नष्ट, अपगत; "उवसंतरयं करेह" (राय)। ३ पुं. ऐरवत क्षेत्र के स्वनाम-धन्य एक तीर्थङ्कर-देव; (पव ७)। °**मोह** पुं [°**मोह**] ग्यारहवाँ गुण-स्थानक ; (सम २६) ।

उवसंति स्त्री [**उपशान्ति**] उपशम ; (आचा) ।

उपसंधारिय वि [**उपसंधारित**] संकल्पित; (निचू १)।

उवसंपज्ज [**उपसं+पद्**] १ समीप में जाना। २ स्वीकार करना। ३ प्राप्त करना। उवसंपज्जइ; (स १६१)। वकृ—**उवसंपज्जंत**; (वव १)। संकृ—**उवसंपज्जित्ता, उवसंपज्जित्ताणं** ; (कप्प ; उवा) । हेकृ—**उवसंपज्जिउं**; (बृह १) ।

उवसंपण्ण वि [**उपसंपन्न**] १ प्राप्त ; २ समीप-गत ; (धर्म ३) ।

उवसंपया स्त्री [**उपसंपद्**] १ ज्ञान वगैरः की प्राप्ति के लिए दूसरे गुर्वादि के पास जाना; (धर्म ३)। २ अन्य गुरु आदि की सत्ता का स्वीकार करना ; (ठा ३, ३) । ३ लाभ, प्राप्ति; (उत्त २६) ।

उवसंहरिय वि [**उपसंहृत**] हटाया हुआ "वंतरेण य उवसहरिया माया" (महा) ।

उवसंहार पुं [**उपसंहार**] १ समाप्ति ; २ उपनय ; (आ ३६) ।

उवसग्ग पुं [**उपसर्ग**] १ उपद्रव, बाधा ; (ठा १०) । २ अव्यय-विशेष, जो धातु के पूर्व में जोड़े जाने से उस धातु के अर्थ की विशेषता करता है ; (पगह २, २) ।

उवसग्ग वि [**दे**] मन्द, आलसी; (दे १, ११३) ।

उवसज्जण न [**उपसर्जन**] १ अ-प्रधान, गौण ; (विसे २२६२) । २ सम्बन्ध ; (विसे ३००५) ।

उवसत्त वि [**उपसक्त**] विशेष आसक्ति वाला, (उत्त ३२)।

उवसद्द पुं [**उपशब्द**] सुरत-समय का शब्द ; (तंदु) ।

उवसप्प सक [**उप+सृप्**] समीप जाना। संकृ—**उवसप्पिऊण**; (महा ; स ५२६) ।

उवसप्पि वि [**उपसर्पिन्**] समीप में जाने वाला; (भवि)।

उवसप्पिय वि [**उपसर्पित**] पास गया हुआ; (पाअ) ।

उवसम पुं [**उप+शम्**] १ क्रोध-रहित होना । २ शान्त होना, ठंढ़ा होना । ३ नष्ट होना । उवसमइ ; (कप्प; कस; महा) । कृ—**उवसमियव्व**; (कप्प) । प्रयो—उवसमेइ; (विसे १२८४), उवसमावेइ ; (पि ५५२) ; कृ—**उवसमावियव्व**; (कप्प) ।

उवसम पुं [**उपशम**] १ क्रोध का अभाव, क्षमा; (आचा)। २ इन्द्रिय-निग्रह ; (धर्म ३) । ३ पन्द्रहवाँ दिवस; (चंद १०) । ४ मुहूर्त-विशेष ; (सम ५१) । °**सम्म** न [°**सम्यक्त्व**] सम्यक्त्व-विशेष ; (भग) ।

उवसमणा स्त्री [**उपशमना**] आत्मिक प्रयत्न विशेष, जिससे कर्म-पुद्गल उदय-उदीरणादि के अयोग्य बनाये जाँय वह ; (पंच) ।

उवसमि वि [**उपशमिन्**] उपशम वाला ; (विसे ५३० टी) ।

उवसमिय वि [**उपशमित**] उपशम-प्राप्त ; (भवि) ।

उवसमिय वि [**औपशमिक**] १ उपशम से होने वाला; २ उपशम से संबन्ध रखने वाला ; (सुपा ६४८) ।

उवसाम सक [**उप+शमय्**] १ शान्त करना । २ रहित करना । उवसामेइ ; (भग) । वकृ—**उवसामेमाण**; (राज) कृ—**उवसामियव्व** ; (कप्प) । संकृ—**उवसामइत्तु** ; (पंच) ।

उवसाम देखो **उवसम** ; (विसे १३०६) ।

उवसामग वि [**उपशमक**] १ क्रोधादि को उपशान्त करने वाला ; (विसे ५२६; आव ४) । २ उपशम से संबन्ध रखने वाला ; " उवसामगसेढिगयस्स होइ उवसामगं तु सम्मत्तं " (विसे २७३५) ।

उवसामण न [**उपशमन**] उपशान्ति, उपशम ; (स ४६६) ।

उवसामणया स्त्री [**उपशमना**] उपशम ; (ठा ८) ।

उवसामय देखो **उवसामग** ; (सम २६; विसे १३०२)।

उवसामिय वि [**औपशमिक**] १ उपशम-संबन्धी ; २ भाव-विशेष ; " मोहोवसमसहावो, सव्वो उवसामिओ भावो " (विसे ३४६४) । ३ सम्यक्त्व-विशेष; (विसे ५२६) ।

उवसामिय वि [**उपशमित**] शान्त किया हुआ ; (वव १)।

उवसाह सक [**उप+कथ्**] कहना । उवसाहइ; (सण)।

उवसाहण वि [**उपसाधन**] निष्पादक ; (सण) ।

उवसाहिय वि [**उपसाधित**] तय्यार किया हुआ; (पउम ३४, ८ ; सण) ।

उवसित्त वि [**उपसिक्त**] सिक्त, छिटका हुआ; (रंभा)।

उवसिलोअ सक [**उपश्लोकय्**] वर्णन करना, प्रशंसा करना। कृ—**उवसिलोअइदव्व** (शौ) ; (मुद्रा १६८) ।

उवसुत्त वि [**उपसुप्त**] सोया हुआ ; (से १५, ११) ।

उवसुद्ध वि [**उपशुद्ध**] निर्दोष ; (सूअ १, ७) ।

उवसूइय वि [**उपसूचित**] संसूचित ; (सण) ।

उवसेर वि [**दे**] रति-योग्य ; (दे १, १०४) ।

उवसेवय वि [**उपसेवक**] सेवा करने वाला, भक्त; (भवि)।

उवसोभ अक [**उप+शुभ्**] शोभना, विराजना । वकृ—**उवसोभमाण, उवसोभेमाण** ; (भग; णाया १, १) ।

उवसोभिय वि [**उपशोभित**] सुशोभित, विराजित; (औप)।

उवसोहा स्त्री [**उपशोभा**] शोभा, विभूषा ; (सुर ३, १०४) ।

उवसोहिय वि [**उपशोधित**] निर्मल किया हुआ, शुद्ध किया हुआ ; (णाया १, १) ।

उवसोहिय देखो **उवसोभिय** ; (सुपा ५ ; भवि ; सार्ध ६६)।

उवस्सग्ग देखो **उवसग्ग** ; (कस) ।

उवस्सय पुं [**उपाश्रय**] जैन साधुओं के निवास करने का स्थान ; (सम १८८ ; ओघ १७ भा ; उप ६४८ टी) ।

उवस्सा स्त्री [**उपाश्रा**] द्वेष; (वव १) ।

उवस्सिय वि [**उपाश्रित**] १ द्वेषी ; (वव १) । २ अङ्गीकृत ; ३ समीप में स्थित; ४ न. द्वेष ; (राज) ।

उवह स [**उभय**] दोनों, युगल; (कुमा; हे २, १३८)।

उवह अ [**दे**] 'देखो' अर्थ को बतलाने वाला अव्यय; (षड्)।

उवहट्ट सक [**समा+रभ्**] शुरू करना, आरम्भ करना । उवहट्टइ ; (षड्) ।

उवहड वि [**उपहृत**] १ उपढौकित, उपस्थापित; (राज)। २ भोजन-स्थान में अर्पित भोजन ; (ठा ३, ३) ।

उवहण सक [**उप+हन्**] १ विनाश करना । २ आघात पहुँचाना । उवहणइ ; (उव) । कर्म—उवहम्मइ ; (षड्) । वकृ—**उवहणंत** ; (राज) ।

उवहणण न [**उपहनन**] १ आघात ; २ विनाश ; (ठा १०) ।

उवहत्थ सक [**समा+रच्**] १ रचना, बनाना । २ उत्तेजित करना । उवहत्थइ ; (हे ४, ६५) ।

उवहत्थिय वि [**समारचित**] १ बनाया हुआ; २ उत्तेजित; (कुमा) ।

उवहम्म देखो **उवहण** ।

उवहय वि [**उपहत**] १ विनाशित ; (प्रासू १३५) । २ दूषित ; (बृह १) ।

उवहर सक [**उप+हृ**] १ पूजा करना । २ उपस्थित करना । ३ अर्पण करना । उवहरइ; (हे ४, २५६)। भूका—उवहरिंसु; (ठा ६) ।

उवहस सक [**उप+हस्**] उपहास करना, हाँसी करना । कृ—**उवहसणिज्ज**; (स ३) ।

उवहसिअ वि [**उपहसित**] १ जिसका उपहास किया गया हो वह ; (पि १५५) । २ न. उपहास; (तंदु)।

उवहा स्त्री [**उपधा**] माया, कपट ; (धर्म ३) ।

उवहाण न [**उपधान**] १ तकिया, उसीसा; (दे १, १४०; सुर १२, २५; सुपा ४) । २ तपश्चर्या; (सूअ १, ३; २, २१)। ३ उपाधि; "सच्छंपि फलिहरयणं उवहाणवसा कलिज्जए कालं" (उप ७२८ टी) ।

उवहार पुं [**उपहार**] १ भेंट, उपहार ; (प्रति ७४) । २ विस्तार, फैलाव ; "पहासमुदओवहारेहिं सव्वओ चेव दीवयंतं" (कप्प) ।

उवहारणया देखो **उवधारणया** ; (राज) ।

उवहारिअ वि [**उपधारित**] अवधारित, निश्चित; (सूअ २)।

उवहारिआ, **उवहारी** स्त्री [**दे**] दोहने वाली स्त्री; (गा ७३१; दे १, १०८) ।

उवहास पुं [**उपहास**] हाँसी, ठट्ठा ; (हे २, २०१) ।

उवहास वि [**उपहास्य**] हाँसी के योग्य, "सुसमत्थो वि हु जो, जणयअज्जियं संपयं निसेवेइ । सो अम्मि! ताव लोए, ममंव उवहासयं लहइ" (सुर १, २२२)।

उवहासणिज्ज वि [**उपहसनीय**] हास्यास्पद ; (पउम १०६, २०) ।

उवहि पुं [**उदधि**] समुद्र, सागर ; (से ५, ४०; ४२; भवि)।

उवहि पुंस्त्री [**उपधि**] १ माया, कपट ; (आचा) । २ कर्म ; (सूअ १, २) । ३ उपकरण, साधन ; "तिविहा उवही पण्णत्ता" (ठा ३ ; ओघ २) ।

उवहिय वि [**उपहित**] १ उपढौकित, अर्पित ; २ निहित, स्थापित ; (आचा; विसे ६३७)। ३ न. उपढौकन, अर्पण ; (निचू २०) ।

उवहिय वि [**औपधिक**] माया से प्रच्छन्न विचरने वाला ; (णाया १, २) ।

उवहुंज सक [**उप+भुज्**] उपभोग करना, कार्य में लाना । उवहुंजइ ; (पि ५०७) । कवकृ—**उवहुज्जंत** ; (पि ५४६) ।

उवहुत्त देखो **उवभुत्त** ; (पाअ ; से १०, ४५) ।

उवाइण सक [**उप + याच्**] मनौती करना, किसी काम के पूरा होने पर किसी देवता की विशेष आराधना करने का मानसिक संकल्प करना । हेकृ—"जति णं अहं देवाणुप्पिया ! दारगं वा दारियं वा पयामि, तो णं अहं तुब्भं जायं च दायं च भागं च अक्खयणिहिं च अणुवड्ढेस्सामि त्ति कट्टु ओवाइयं **उवाइणित्तए**" (विपा १, ७) ।

उवाइण सक [**उपा+दा**] १ ग्रहण करना । २ प्रवेश करना । हेकृ—**उवाइणित्तए**; (ठा ३); प्रयो—"तं सेयं खलु मम जितसत्तुस्स रण्णो संताणं तच्चाणं तहियाणं अवितहाणं सब्भूताणं जिणपण्णत्ताणं भावाणं अभिगमणट्ठयाए एयमट्ठं **उवाइणावित्तए** " (णाया १, १२) ।

उवाइणाव सक [**अति + क्रम्**] १ उल्लंघन करना । २ गुजारना, पसार करना । उवाइणावेइ; वकृ—**उवाइणावेंत**; हेकृ—**उवाइणावेत्तए** ; (कस) ; **उवाइणावित्तए** ; (कप्प) । "से गामंसि वा जाव संनिवेसंसि वा बहिया से णं संनिविट्ठं पेहाए कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा तद्दिवसं भिक्खायरियाए गंतूण पडिनियत्तए; नो से कप्पइ तं रयणिं तत्थेव उवाइणावेत्तए। जे खलु निग्गंथे वा निग्गंथी वा तं रयणिं तत्थेव उवाइणावेइ, उवाइणावेंतं वा साइज्जइ, से दुहओ वीइक्कममाणे आवज्जइ चउमासियं परिहारट्ठाणं अणुग्घाइयं" (कस) । "नो से कप्पइ तं रयणिं उवाइणावित्तए" (कप्प) ।

